संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

पूर्णिया , रविवार 28 सितंबर 2025 email : newsscalepurnea@gmail.com डिजिटल संस्करण RNI NO. JHAHIN/2015/74242 वर्ष 02, अंक 188







# भारत अब दुनिया के उन पांच देशों में शामिल जिनके पास 4जी की स्वदेशी तकनीक : प्रधानमंत्री

**झारसुगुड़ा (ओडिशा),** (हि.स.)।

**01: भारत अब पूरी तरह स्वदेशी 4जी तकनीक वाला विश्व के पांच देशों में शामिल है।**

------------------

**02 : अंत्योदय गृह योजना के तहत 50,000 लाभार्थियों को पक्के मकान और वित्तीय सहायता दी गई।**

------------------



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारसुगुड़ा में 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत को दुनिया के उन पांच देशों में शामिल होने की ऐतिहासिक उपलब्धि बताया, जिनके पास पूरी तरह से स्वदेशी 4जी तकनीक है। मोदी ने बीएसएनएल के नए 4जी नेटवर्क का उद्घाटन करते हुए बताया कि 97,500 से अधिक मोबाइल टावरों का निर्माण 37 हजार करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। उन्होंने इसे दूरसंचार क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का बड़ा कदम बताया।

**आत्मनिर्भर भारत और जहाज निर्माण में प्रगति** : प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को सेमीकंडक्टर से लेकर जहाज निर्माण तक हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिए 70 हजार करोड़ रुपये का पैकेज स्वीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि इस निवेश से व्यापार, तकनीकी और सुरक्षा क्षेत्र में मजबूती आएगी और संकट के समय आयात-निर्यात बाधित नहीं होगा। मोदी ने ओडिशा की विकास गति को "डबल इंजन सरकार" की सफलता बताया और राज्य की प्रगति में जनता की मेहनत और प्रतिभा का योगदान सराहा।

**गरीबों और वंचितों के लिए योजनाएं :** प्रधानमंत्री ने अंत्योदय गृह योजना के अंतर्गत 50,000 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि यह योजना विधवाओं, दिव्यांगों और आपदाग्रस्त परिवारों को पक्के मकान और वित्तीय सहायता प्रदान करती है। मोदी ने जीएसटी सुधार का उल्लेख करते हुए बताया कि इससे किसानों और महिलाओं को घरेलू बजट में राहत मिली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों के समय गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर टैक्स का बोझ अधिक था, जबकि वर्तमान में 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर कोई टैक्स नहीं देना पड़ता।

**कांग्रेस पर निशाना और जनता को संदेश :** प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर हमला करते हुए कहा कि वे गरीबों को लूटकर अपनी तिजोरी भरते थे। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि डीजल-पेट्रोल और सीमेंट की कीमतों में राहत जनता तक नहीं पहुँचाई गई। मोदी ने जनता से अपील की कि वे जागरूक रहें और भाजपा सरकार के साथ मिलकर देश की विकास और समृद्धि में योगदान दें। इस अवसर पर उन्होंने ब्रह्मपुर से सूरत के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई और ओडिशा की कला और संस्कृति की सराहना की।



चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी॥

**आस्था और श्रद्धा के साथ स्कंदमाता की पूजा सम्पन्न, आज होगी मां कात्यायनी की आराधना नवरात्र के सातवें दिन भक्तजन मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना करेंगे। शनिवार को मां दुर्गा के पांचवे स्वरूप मां स्कंदमाता की विधिवत आराधना की गयी। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव से पूजन कर परिवार की मंगलकामना की।नवरात्र के सातवें दिन मां दुर्गा के छठे स्वरूप कात्यायनी की आराधना होगी । मान्यता है कि महर्षि कात्यायन की तपस्या से प्रसन्न होकर आदिशक्ति ने उनकी पुत्री के रूप में जन्म लिया और कात्यायनी नाम से प्रसिद्ध हुईं।**

## अमित शाह का जीत का मंत्र : बिहार में दो-तिहाई बहुमत का लक्ष्य



**अररिया,** (हि.स) बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अररिया के फारबिसगंज हवाई अड्डा मैदान में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि यदि इस बार राजग को दो-तिहाई बहुमत मिलता है, तो घुसपैठियों को बिहार से बाहर किया जाएगा।

**विकास कार्य और विपक्ष पर हमला** : शाह ने पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से बिहार को मिले 16 लाख करोड़ रुपये की सौगातों का उल्लेख किया और कहा कि मनमोहन सिंह सरकार ने सिर्फ 2.8 लाख करोड़ ही दिए थे। उन्होंने लालू-राबड़ी शासन को 'जंगलराज' बताते हुए कार्यकर्ताओं से अपील की कि बिहार को प्रगति की राह पर बनाए रखने के लिए NDA को मजबूती दें।

**नेताओं की मौजूदगी और कार्यकर्ताओं का उत्साह :** इस मौके पर गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा व सम्राट चौधरी समेत कई मंत्री और विधायक मौजूद रहे। दीप प्रज्वलन व वंदे मातरम से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सभा में बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ता जोश और उत्साह से भरे दिखे।

## वित्त मंत्री सीतारमण तीन अक्टूबर को कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन का करेंगी उद्घाटन



**नई दिल्ली,** (हि.स)। केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण तीन अक्टूबर को नई दिल्ली के ताज पैलेस में चौथे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन (केईसी 2025) का उद्घाटन करेंगी। सम्मेलन का विषय है 'अशांत समय में समृद्धि की तलाश' और यह 3 से 5 अक्टूबर तक चलेगा। 5 अक्टूबर को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर भारत की विदेश और आर्थिक नीति पर विचार-विमर्श के साथ इसे समाप्त करेंगे।
केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 'संचारः उभरती प्रौद्योगिकियां' पर चर्चा सत्र की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में एआई और डिजिटल बुनियादी ढांचे के विशेषज्ञ भाग लेंगे। समापन बैठक में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा की अध्यक्षता में वरिष्ठ नीति निर्माता और अर्थशास्त्री वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति और वित्तीय सुधारों का मूल्यांकन करेंगे।

## बरेली हिंसा : आठ गिरफ्तार, इंटरनेट 48 घंटे के लिए बंद

बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद भड़काऊ भाषणों और उपद्रव के आरोप में पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया। कोर्ट ने सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इलाके में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस फोर्स तैनात किया गया और 48 घंटे के लिए इंटरनेट बंद कर दिया गया। डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि शांति-व्यवस्था को कोई खतरा नहीं पहुँचाने दिया जाएगा। मौलाना तौकीर पर पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं, और वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य उपद्रवियों की भूमिका की जांच जारी है।

## ओटोबॉक बना विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का तकनीकी साथी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारत में पहली बार हो रही 12वीं वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ओटोबॉक आधिकारिक तकनीकी सेवा प्रदाता है। 27 सितंबर से 5 अक्टूबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित इस आयोजन में 20 देशों के 1,000 से अधिक एथलीट 186 इवेंट्स में भाग ले रहे हैं। ओटोबॉक ब्रांड एम्बेसडर हेनरिक पोपो ने कहा कि यह साझेदारी अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के साथ उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। पैरा एथलीटों के समर्थन पर कंपनी ने जोर दिया। पैरा कमिटी ऑफ इंडिया अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा कि यह आयोजन एथलीटों की हिम्मत और प्रतिभा को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर है।



# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कटिहार जिले में किया 583 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

**पटना,** (हि.स.) मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को समेली प्रखंड के नरहिया पंचायत स्थित प्लस टू धर्मपुर गांधी उच्च विद्यालय परिसर से 583 करोड़ रुपये लागत की कुल 242 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में विकास की नई परियोजनाओं को जनता के लाभ के लिए प्रस्तुत किया गया।

**प्रमुख परियोजनाओं पर जोर**
इन योजनाओं में कटिहार रेलमंडल के रेलवे समपार पर सड़क ऊपरी पुल का निर्माण (193.65 करोड़ रुपये), गोगाबील झील का संरक्षण एवं पर्यटन स्थल के रूप में सौंदर्यीकरण (10.22 करोड़ रुपये), और 116 खेल मैदानों का निर्माण (10.74 करोड़ रुपये) शामिल है। इसके अलावा सालमारी और बलिया बेलौन में नवनिर्मित विद्युत शक्ति उपकेंद्र क्रमशः 5.13 और 5.14 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए। आजमगढ़ प्रखंड स्थित बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में पर्यटकीय सुविधाओं के विकास के लिए 14.25 करोड़ रुपये की योजना का शिलान्यास भी किया गया।



**लाभुकों और जीविका दीदियों की सराहना :** कार्यक्रम में उपस्थित बड़ी संख्या में जीविका दीदियों, पेंशनधारी लाभुकों और अन्य नागरिकों ने मुख्यमंत्री से संवाद किया। लाभुकों ने किसान सलाहकारों के मानदेय, रसोइयों के मानदेय और पेंशन राशि बढ़ाने जैसी योजनाओं के लिए धन्यवाद दिया। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना और महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

**अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी :** कार्यक्रम में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, विधायक तारकिशोर प्रसाद और जिलाधिकारी मनेष कुमार मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार हर क्षेत्र में विकास कार्य कर रही है और बिहार निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

## शिक्षा मंत्री से प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**पटना,** (हि.स.) प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पसवा) के शीर्ष प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार से मुलाकात कर आरटीई भुगतान में हो रही देरी, क्यूआर कोड से वंचना और निजी विद्यालयों की अन्य समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।
शिष्टमंडल का नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने किया। उनके साथ जनरल सेक्रेटरी एवं सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह, सिवान के सेक्रेटरी शिव जी प्रसाद, इंजीनियर आशीष कुमार और सचिव फौजिया खान मौजूद रहे।
ज्ञापन में प्रमुख मांगें थीं कि यू-डायस पोर्टल पर नाम सुधार, प्रमोशन और नए बच्चों को जोड़ने का विकल्प स्कूल स्तर पर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही मान्यता प्राप्त विद्यालयों को क्यूआर कोड तत्काल जारी किया जाए और 2019 से अब तक आरटीई अंतर्गत नामांकित बच्चों की एंट्री का अवसर दिया जाए।डॉ. हरेंद्र सिंह ने कहा कि क्यूआर कोड न मिलने और तकनीकी बाधाओं के कारण विद्यालयों को वर्षों से प्रतिपूर्ति राशि नहीं मिल पाई है। इससे न केवल विद्यालयों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता भी प्रभावित हुई है।उन्होंने सरकार से इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की अपील की। शिक्षा मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का समाधान दुर्गापूजा तक कर दिया जाएगा।

## विश्व पर्यटन दिवस पर पटना में परिचर्चा

**पटना,** (हि.स.)।विश्व पर्यटन दिवस 1980 से प्रतिवर्ष 27 सितंबर को मनाया जाता है।इस अवसर पर बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम ने सिख हेरिटेज भवन में भव्य परिचर्चा और सेमिनार का आयोजन किया।उद्देश्य बिहार के पर्यटन क्षेत्र को वैश्विक पहचान दिलाना और आधुनिक अवसंरचना विकसित करना था।

**पर्यटन और सतत् विकास**
परिचर्चा में होटेलियर्स, टूर ऑपरेटर और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।




प्रबंध निदेशक नंदकिशोर ने कहा कि सरकार ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी ने छोटे पर्यटन उद्योग और समाज में पर्यटन जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

**पर्यटकों के लिए पहल**
विश्व पर्यटन दिवस पर निगम की परिसम्पत्तियों में दस प्रतिशत की छूट दी गई। पटना एयरपोर्ट पर आने वाले पर्यटकों का स्वागत गुलाब के फूल से किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने नालंदा, राजगीर, वैशाली, बोधगया और पटना साहिब को अंतरराष्ट्रीय आकर्षण केंद्र बनाने पर चर्चा की।

## पटना जिला के साध बाबा चौक- गवाशेखपुरा तक की सड़क मोकामा-बख्तियारपुर 4-लेन पथ से जुड़ेगी : सम्राट चौधरी

**पटना,** (हि.स.) बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को बताया कि पटना जिले के साध बाबा चौक से गवाशेखपुरा वाया परसामा मदतपुर तक सड़क निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई है। इस योजना पर 11.92 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी। सड़क निर्माण में चौड़ीकरण के साथ 3.705 किमी लचीला फुटपाथ, 3.965 किमी सख्त फुटपाथ, 3500 मीटर लंबी नाली और चार आरसीसी कल्वर्ट का निर्माण शामिल है। इसके अलावा, दीवार को मजबूत बनाए रखने के लिए 1000 एमएम ह्यूम पाइप का प्रावधान किया गया है। यह सड़क मोकामा-बख्तियारपुर 4-लेन पथ से भी जुड़ेगी।



**विकास और रोजगार में वृद्धि**
सम्राट चौधरी ने कहा कि सड़क निर्माण से आवागमन सुलभ होने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में राजग सरकार सड़क और पुल-पुलियों के निर्माण में लगातार काम कर रही है। 2005 की तुलना में बिहार का सड़क नेटवर्क शानदार रूप से विस्तारित हुआ है और अब यह पूरे देश में मिशाल बन गया है। बाढ़ प्रभावित साध बाबा चौक से गवाशेखपुरा तक सड़क निर्माण इसी कड़ी का हिस्सा है।

**ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत बड़े पैमाने पर कार्य**
उपमुख्यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के अनुसूचित जाति घटक के तहत बिहार राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 330 योजनाओं के उन्नयन और पंचवर्षीय अनुरक्षण के लिए राज्य सरकार ने कुल 1,210.92 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। इन योजनाओं का उद्देश्य न केवल सड़क की गुणवत्ता सुधारना है बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क और आवागमन को भी आसान बनाना है।

## भोजपुरी काव्य पाठ के लिए हिन्दी साहित्यकार के बुलावे का विरोध

### विरोध पत्र में कहा गया कि यह कदम भोजपुरी की स्थिति को हास्यास्पद बनाता है

**पटना,** (हि.स.) भोजपुरी साहित्य सम्मेलन ने साहित्य अकादमी द्वारा पटना में आयोजित उन्मेष कार्यक्रम में भोजपुरी काव्य पाठ के लिए हिन्दी साहित्यकार को आमंत्रित करने पर कड़ा विरोध जताया है। सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ ब्रजभूषण मिश्र और महामंत्री डॉ जयकांत सिंह जय ने इस मामले में विरोध पत्र नई दिल्ली स्थित साहित्य अकादमी के अध्यक्ष को भेजा है।

**भोजपुरी भाषा की उपेक्षा पर नाराजगी :** सम्मेलन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शिवानुग्रह

विरोध

नारायण सिंह ने छपरा में बताया कि साहित्य अकादमी की ओर से भोजपुरी भाषा और साहित्य को हमेशा उपेक्षित किया गया है। अब इस उपेक्षा के साथ-साथ भोजपुरी की स्थिति को हास्यास्पद बनाने की कोशिश की जा रही है।

**अनिल सुलभ को आमंत्रित करना विवादित :** विरोध पत्र में कहा गया कि अनिल सुलभ का भोजपुरी से कोई संबंध नहीं है। वे बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष हैं और हिन्दी साहित्य में सक्रिय हैं। उनकी मातृभाषा संभवतः बज्जिका या मैथिली है। साहित्य अकादमी द्वारा उन्हें भोजपुरी कवि के रूप में आमंत्रित करना न केवल भोजपुरी की स्थिति को हास्यास्पद बनाता है, बल्कि सुलभ जी की स्थिति को भी प्रभावित करता है।

**शीर्ष पदाधिकारियों की मांग**
भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष और महामंत्री ने साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि वे ऐसी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाएं और भविष्य में भोजपुरी साहित्य और कवियों को सम्मानजनक स्थान दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि भोजपुरी के असली साहित्यकारों और कवियों की पहचान संगठन के माध्यम से सभी को पता है।

## बिहार को दो नए रामसर स्थल मिले, गोकुल जलाशय और उदयपुर झील बनीं अंतरराष्ट्रीय आर्द्रभूमि

**पटना,** (हि.स.) बिहार ने जैव विविधता और आर्द्रभूमि संरक्षण में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। बक्सर जिले का गोकुल जलाशय और पश्चिम चंपारण की उदयपुर झील अब अंतरराष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि यानी रामसर साइट बन गए हैं। इसके साथ ही राज्य में रामसर स्थलों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है, जबकि भारत में कुल संख्या 93 तक पहुंच गई है। यह उपलब्धि पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और स्थानीय समुदायों की सतत आजीविका के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



**गोकुल जलाशय : बक्सर की प्राकृतिक धरोहर :** 448 हेक्टेयर में फैले गोकुल जलाशय को गंगा नदी की बाढ़ ने बनाया है। मानसून में यह जलभराव से लबालब हो जाता है और गर्मियों में दलदली भूमि और कृषि क्षेत्र बन जाता है। यहां 50 से अधिक पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं। स्थानीय लोग मछली पालन, सिंचाई और खेती के लिए इस पर निर्भर हैं और सामूहिक रूप से इसकी सफाई कर संरक्षण करते हैं।

**उदयपुर झील : जैव विविधता केंद्र :** 319 हेक्टेयर में फैली उदयपुर झील रामसर सूची में स्थल संख्या 2577 प्राप्त है। यह प्राकृतिक ऑक्सबो झील उदयपुर वन्यजीव अभयारण्य से घिरी हुई है। यहां 280 से अधिक वनस्पति और 35 प्रवासी पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें असुरक्षित श्रेणी की कॉमन पोचार्ड भी शामिल है।

**संरक्षण और सराहना :**
नीतीश कुमार की सरकार ने सामुदायिक सहभागिता और नीतियों के जरिए संरक्षण और विकास का संतुलन स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस उपलब्धि की सराहना की और बिहारवासियों को पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाने पर विशेष बधाई दी।

## पटना में RJD का अतिपिछड़ा संवाद, तेजस्वी बोले- युवा पीढ़ी ले जाएगी लड़ाई को अगले मुकाम तक

**पटना,** (हि.स.) बिहार विधानसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन की नजर राज्य के 36 प्रतिशत अतिपिछड़ा वोट बैंक पर है। तीन दिन पहले राहुल गांधी की अगुवाई में गठबंधन ने अतिपिछड़ों के लिए 10 सूत्री घोषणा पत्र जारी किया। इसका मकसद सीएम नीतीश कुमार के मजबूत वोट बैंक माने जाने वाले अतिपिछड़ा वर्ग को गठबंधन की ओर मोड़ना है।

**वेटनरी कॉलेज में बड़ा आयोजन :** पटना के वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित "कर्पूरी अतिपिछड़ा अधिकार संवाद" में भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में शामिल होते हुए RJD नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने सामाजिक न्याय की बड़ी लड़ाई लड़ी थी, अब युवा पीढ़ी इसे आर्थिक न्याय के माध्यम से अगले मुकाम तक ले जाएगी।

**अतिपिछड़ा न्याय संकल्प की घोषणाएँ :** 24 सितंबर को इंडिया गठबंधन ने अतिपिछड़ा न्याय संकल्प का आयोजन किया था। इसमें



नगर निकाय चुनाव में आरक्षण को 20 से 30 फीसदी तक बढ़ाने, पंचायती राज और नगर निकाय में ईबीसी आरक्षण को 30 फीसदी करने और सभी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण सुनिश्चित करने जैसी घोषणाएँ की गईं।

**भूमिहीन अतिपिछड़ों के लिए कदम :** गठबंधन ने यह भी एलान किया कि अतिपिछड़ा जाति-जनजाति के भूमिहीनों को जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही एससी/एसटी एक्ट की तर्ज पर ईबीसी एक्ट लाकर अतिपिछड़ा वर्ग के अधिकारों को सशक्त किया जाएगा।

## हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला-2025 में सैंड आर्ट फेस्टिवल का होगा आयोजन

**पटना,** (हि.स.) विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला-2025 में इस बार कला प्रेमियों के लिए एक विशेष आकर्षण जोड़ा गया है। मेला परिसर में सैंड आर्ट फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभाशाली सैंड आर्टिस्ट भाग ले सकेंगे।
प्रतियोगिता में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को ₹50,000, द्वितीय स्थान पर आने वाले को ₹35,000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कलाकार को ₹25,000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।




फेस्टिवल में भाग लेने के इच्छुक कलाकारों को 15 अक्टूबर, 2025 तक अपना आवेदन जिला कला संस्कृति पदाधिकारी, सारण, छपरा के कार्यालय (श्री भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह) में सीधे अथवा ईमेल आईडी – dacosaran@bihar.gov.in पर भेजना होगा।
इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर कला को प्रोत्साहन देना तथा सोनपुर मेले को सांस्कृतिक विविधता और सृजनात्मकता का मंच उपलब्ध कराना है।

## बिहार के बेगूसराय में बूढ़ी गंडक नदी में डूबने से एक महिला की मौत

**पटना,** (हि.स.)।बिहार में बेगूसराय जिले के नावकोठी प्रखंड में शुक्रवार देर शाम छतौना पंचायत के वार्ड संख्या-13 में बूढ़ी गंडक नदी में डूबने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान 46 वर्षीय गीता देवी के रूप में हुई है जो टूना महतो की पत्नी थी। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, शुक्रवार शाम गीता देवी किसी काम से नदी किनारे गई थीं। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चली गईं। ग्रामीणों ने उन्हें खोजने की काफी कोशिश की, लेकिन देर रात तक कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद शनिवार सुबह स्थानीय गोताखोरों को बुलाया गया। कई घंटों की मशक्कत के बाद सुबह करीब आठ बजे गीता देवी का शव नदी से बरामद किया गया। शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।परिजन रो-रोकर बेहाल हैं और पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही अंचल प्रशासन और नावकोठी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। प्रशासन की ओर से आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है।

# सख्ती : जिले में रबी फसल की तैयारी कों लेकर जिला पदाधिकारी ने किसानो के लिये उर्वरक की उपलब्धता कों लेकर दिए सख्त निर्देश

## चेतावनी : कालाबाजारी व जमाखोरी पर होगी कठोर कार्रवाई, किसानों को मिलेगा समय पर उर्वरक

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

रबी मौसम 2025-26 की शुरुआत को देखते हुए किसानों को समय पर, सुगमता से और उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध हो, इसकों लेकर जिला पदाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार शख्त दिख रहें है ! किसानों कों ससमय खाद उपलब्ध हो इसे लेकर जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता मेंशनिवार को जिला मुख्यालय स्थित प्रज्ञान सभागार, में एक अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी थोक उर्वरक बिक्रेताओं कों बुलाया गया था ! बैठाक की अध्यक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने जिले में खाद की उयलब्ध की समीक्षा की ! इस दौरान बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी हरिप्रसाद चौरसिया ने जिले में उर्वरकों की उपलब्धता की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। श्री चौरसिया ने बताया कि वर्तमान में जिले में यूरिया 9719.393 मीट्रिक टन, डीएपी 14671.557 मीट्रिक टन, एनपीके 7990.291 मीट्रिक टन, एमओपी 24284.438 मीट्रिक टन तथा एसएसपी 7155.851 मीट्रिक टन उपलब्ध है। वहीं थोक विक्रेताओं के पास यूरिया 696.69 मीट्रिक टन, डीएपी 5329.5 मीट्रिक टन, एनपीके 11649 मीट्रिक टन, एमओपी 3985.34 मीट्रिक टन और एसएसपी 2939.5 मीट्रिक टन का स्टॉक मौजूद है। कृषि पदाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है और लगातार रैक की आपूर्ति की जा रही है।



उर्वरक व्यवसायियों के साथ बैठक करते डीएम ,जिला कृषि पदाधिकारी रहे उपस्थित

**डीएम का थोक खाद बिक्रेताओं कों शख्त निर्देश**

डीएम अंशुल कुमार ने समीक्षा के दौरान थोक विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए कि वे खुदरा विक्रेताओं तक निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसानों को रबी मौसम के दौरान किसी तरह की कठिनाई न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। साथ ही जिला कृषि पदाधिकारी को भी निर्देश दिया गया कि प्रखंड स्तर पर थोक एवं खुदरा विक्रेताओं के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करें और यह सुनिश्चित करें कि किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध हो।

**उर्वरक से जुड़ी हर समस्या और पहलू पर विस्तार से चर्चा**

बैठक में उर्वरक से जुड़ी हर समस्या और पहलू पर विस्तार से चर्चा की गई। अंत में सभी ने किसानों को समय पर और उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। डीएम ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी या मुनाफाखोरी की शिकायत मिलने पर संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**वर्तमान में जिले में खाद की उपलब्धता :एक नजर में**

01 :यूरिया 9719.393 मीट्रिक टन,
02 :डीएपी 14671.557 मीट्रिक टन,
03 :एनपीके 7990.291 मीट्रिक टन,
04 : एमओपी 24284.438 मीट्रिक टन
05 :एसएसपी 7155.851 मीट्रिक टन



थोक विक्रेताओं के पास
01 :यूरिया 696.69 मीट्रिक टन,
02 :डीएपी 5329.5 मीट्रिक टन,
03 : एनपीके 11649 मीट्रिक टन,
04 :एमओपी 3985.34 मीट्रिक टन
05 :एसएसपी 2939.5 मीट्रिक टन का स्टॉक मौजूद है

1 थोक विक्रेताओं को निर्देश – खुदरा विक्रेताओं तक निर्धारित मूल्य पर समय से उर्वरक पहुँचाना सुनिश्चित करें।

2 प्रखंड स्तर पर समीक्षा बैठकें – कृषि पदाधिकारी को थोक और खुदरा विक्रेताओं के साथ समन्वय कर उपलब्धता सुनिश्चित करने का आदेश।

3 कालाबाजारी पर सख्त चेतावनी – जमाखोरी या मुनाफाखोरी की शिकायत मिलने पर दोषियों पर कठोर कार्रवाई होगी।

# पूर्णिया में दाखिल-खारिज और परिमार्जन मामलों में जीरो टॉलरेंस कों लेकर डीएम का शख्त रुख : जांच टीम गठित की गयी

## अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में जांच दल ने पूर्व अंचल में लंबित मामलों की समीक्षा की; दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई का निर्देश

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जिला पदाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार ने दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन से संबंधित लंबित मामलों को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए विशेष जांच टीम गठित की है।

शनिवार को अपर समाहर्ता रवि राकेश की अध्यक्षता में गठित टीम ने पूर्णिया पूर्व अंचल में लंबित आवेदन और परिमार्जन मामलों की जांच की। टीम ने पाया कि अंचलाधिकारी पूर्णिया पूर्व के लॉगिंग में लगभग दो सौ दिन से अधिक समय से कई आवेदन लंबित थे, जबकि कुछ परिमार्जन मामले छः माह से लंबित थे।



जांच दल द्वारा तैयार रिपोर्ट जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर समाहर्ता को निर्देश दिया कि अंचलाधिकारी संजीव कुमार और संबंधित राजस्व कर्मचारियों से स्पष्टीकरण लिया जाए।

उन्होंने कहा कि यदि किसी कर्मचारी को दोषी पाया जाता है, तो उनके विरुद्ध अग्रेत्तर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और लंबित मामलों का शीघ्र निपटान करना है।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क रहने और शिकायतों का त्वरित समाधान करने का भी निर्देश दिया।

# पूर्णिया में उप विकास आयुक्त का जलालगढ़ प्रखंड निरीक्षण, कई निर्देश दिए गए

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

**मुख्यमंत्री आवास योजना और सहायता योजना की प्रगति पर विशेष ध्यान**

शनिवार को अंजनि कुमार, उप विकास आयुक्त, पूर्णिया ने जलालगढ़ प्रखंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने मुख्यमंत्री आवास योजना एवं सहायता योजना में शेष लक्ष्यों का प्रस्ताव शीघ्र अभिकरण कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया।

**लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश**

उप विकास आयुक्त ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत बचे हुए प्रखंडों में नियमावली के अनुसार सामग्री की क्रय प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, जलालगढ़ को स्पष्ट निर्देश दिए।



**खेल और शिक्षा में सुधार के लिए मैदान हस्तांतरण**

ग्राम पंचायत जलालगढ़ में निर्मित खेल मैदान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत उप विकास आयुक्त ने इसे नियमानुसार संबंधित विद्यालय को हस्तांतरित करने का निर्देश कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, जलालगढ़ को दिया।

**वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण पर जोर**

उप विकास आयुक्त ने दनसर पंचायत में निजी भूमि पर किए गए वृक्षारोपण कार्य का भी निरीक्षण किया और इस संबंध में कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**पंचायत भवन और कृषि विकास का अवलोकन**

ग्राम पंचायत जलालगढ़ में निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण कर कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। वहीं, ग्राम पंचायत हासी बेगमपुर में ड्रैगन फ्रूट की खेती का अवलोकन कर संबंधित किसान से जानकारी प्राप्त की गई और इस खेती को और विकसित करने का निर्देश दिया गया।

# नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन का मेगा कैम्प: सेवा पखवाड़ा अभियान में उपभोक्ताओं को त्वरित राहत

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया जिला में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं योजनाओं की जानकारी के लिए जिला स्तरीय मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जायेगा। जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देशानुसार 26 सितंबर को अवर प्रमंडल स्तर पर और 27 सितंबर को प्रमंडल कार्यालय में यह विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 93 विद्युत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए,




जिनमें से 52 आवेदन (लगभग 50%) की समस्याओं का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। शेष आवेदनों पर भी त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

**मुख्य उद्देश्य और जागरूकता प्रयास**

इस अभियान और कैम्प कों लेकर जिला के सभी गाँव, टोलों और मोहल्लों में चलंत वाहन के माध्यम से माइकिंग कर मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही साइबर ठगी से बचाव के उपायों के प्रति भी उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है।

जिला मुख्यालय स्तर पर शिविर में शून्य विपत्र वाले उपभोक्ताओं को A4 साइज की रंगीन विपत्र की प्रति, पम्पलेट और माननीय मुख्यमंत्री का संदेश वितरित किया गया।

**आगामी जागरूकता कार्यक्रम**

29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक सभी दुर्गा पूजा पंडालों, मेले क्षेत्रों आदि में उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए सेल्फ पॉइंट, फ्लेक्स और पोस्टर लगाए जाएंगे।

इन कैंपों में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर ऊर्जा संस्थापन, सब्सिडी, स्मार्ट मीटर, बिल सुधार, बकाया भुगतान, नया कनेक्शन और पंजीकरण जैसी सभी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

**उपभोक्ता समस्याओं का त्वरित समाधान**

उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जाएगा। विभाग एवं जिलाधिकारी ने सभी अभियंताओं को निर्देश दिया है कि वे कैंपों में पूरी तत्परता के साथ उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

उप मंडल अधिकारी श्री रौशन कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए लगातार कार्यरत है और सेवा पखवाड़ा अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान एवं जागरूक करना प्राथमिकता है।

# जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जिला पदाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार ने जिले के वरीय अधिकारियों एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा महत्वपूर्ण सेवाओं की प्रगति की गहन जांच कर ससमय प्रतिवेदन उपलब्ध कराएँ। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ समय पर आमजन तक पहुँचना प्राथमिकता है। इसी क्रम में शनिवार को जिला



परिवहन पदाधिकारी ने बायसी एवं डगरूआ अंचल का दौरा कर वहां चल रही विभिन्न योजनाओं और सेवाओं की अद्यतन प्रगति व उपलब्धियों की जांच की। इस समीक्षा का उद्देश्य योजनाओं की पारदर्शिता, कार्यकुशलता और लोगों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करना है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमित मॉनिटरिंग से विकास कार्यों को गति दी जाएगी।

# पूर्णिया में मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का लाभ अब स्नातक छात्रों के लिए भी हुआ शुरू

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जिला योजना पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का लाभ अब स्नातक (B.A., B.Com, B.Sc) उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के लिए भी उपलब्ध होगा। यह योजना वर्ष 2016 से इंटर (12वीं) उत्तीर्ण छात्रों को रोजगार तलाशने हेतु भत्ता प्रदान करने के लिए लागू थी।

उन्होने बताया कि अब 20-25 वर्ष की आयु वर्ग के ऐसे छात्र/छात्राएं जो राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/संस्थानों से स्नातक उत्तीर्ण हैं और स्वरोजगार, सरकारी या निजी क्षेत्र में किसी भी रूप में नियोजन प्राप्त नहीं किए हैं, उन्हें रोजगार खोजने में सहायता हेतु इस योजना का लाभ मिलेगा। लाभार्थियों को प्रतिमाह 1000 रुपये की दर से अधिकतम 2 वर्ष तक भत्ता दिया जाएगा।

**ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराएं**

जिला योजना पदाधिकारी ने बताया कि योजना के तहत भत्ता प्राप्त करने वाले स्नातक छात्रों को रोजगार और स्वरोजगार के लिए क्षमतावर्धन हेतु श्रम संसाधन विभाग, बिहार द्वारा निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण में कंप्यूटर कौशल, व्यवसाय प्रबंधन, तकनीकी और **रोजगार अनुरूप अन्य कौशल शामिल होंगे।**

श्री कुमार ने लाभार्थियों को निर्देश दिया कि वे योजना में आवेदन करने के लिए अपने संबंधित प्रखंड कार्यालय या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराएं। योजना के तहत भत्ता और प्रशिक्षण से छात्रों को स्वरोजगार, सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार पाने में सहूलियत मिलेगी।

जिले में इस योजना के तहत पहले ही इंटर उत्तीर्ण छात्र लाभान्वित हो चुके हैं, और अब स्नातक छात्रों के जुड़ने से बेरोजगार युवाओं के लिए नई उम्मीद और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

**मुख्य बिंदु:**

लाभार्थी आयुः 20-25 वर्ष
शिक्षा स्तरः स्नातक (B.A., B.Com, B.Sc)
भत्ताः 1000 रुपये प्रतिमाह, अधिकतम 2 वर्ष
कौशल प्रशिक्षणः निःशुल्क,

## चुनाव

# किसानों और युवाओं की आवाज़ बनकर मैदान में उतरेगे मुकेश सिंह

**न्यूज स्केल पूर्णिया पूर्व**

पूर्णिया-62 से निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश सिंह ने विधानसभा चुनाव में अपनी भागीदारी का ऐलान किया है। किसान परिवार से आने वाले मुकेश सिंह ने कहा कि किसानों और युवाओं की समस्याओं को चुनावी मुद्दा बनाकर ही उन्होंने चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है।

उन्होंने पूर्णिया पूर्व प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है और जनता को अपनी योजनाओं



और संकल्पों से अवगत करा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि रविवार को सर्वोदय आश्रम, रानीपतरा में उनकी बड़ी जनसभा आयोजित होगी, जिसमें हजारों किसानों, युवाओं और मजदूरों के शामिल होने की उम्मीद है।

मुकेश सिंह ने कहा कि वर्षों से किसानों और युवाओं के हित में केवल बातें हुई हैं, पर ठोस कदम नहीं उठाए गए। उनका कहना है कि अब उन्होंने स्वयं आगे आकर उनके हक की आवाज़ विधानसभा तक पहुँचाने का निर्णय लिया है। स्थानीय ग्रामीण उनके जुझारू और साफ-सुथरे नेतृत्व की सराहना कर रहे हैं, जिससे चुनावी माहौल गर्मा गया है।

## सुरक्षा, सामाजिक सद्भाव और व्यवस्थित आयोजन ही इस धार्मिक उत्सव की सफलता की कुंजी है: पूर्णिया पुलिस

# एड्वाइजरी : दुर्गा पूजा ! पूर्णिया शहर में भीड़भाड़ और सुरक्षित यातायात के लिए विशेष ट्रैफिक एडवाइजरी जारी



**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

पूर्णिया पुलिस ने शनिवार को दुर्गा पूजा- के अवसर पर नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक निर्देश जारी किया है। दरअसल 22 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही दुर्गा पूजा के अवसर पर विशेषतः 28 सितंबर (षष्टी) से 02 अक्टूबर (विजयादशमी / प्रतिमा विसर्जन) तक नगर में भारी भीड़ और यातायात का दबाव शहर में रहता है ! इसे ध्यान में रखते हुए पूर्णिया पुलिस और यातायात पुलिस ने शहर के कई प्रमुख मार्गों को नो-एंट्री जोन घोषित किया है !

**प्रतिबंधित मार्ग एवं निर्देश :इन मार्गों पर नहीं चलेंगे भारी वाहन**

1 लाइन बाजार, सनोली चौक, भट्ठा बाजार, कटिहार मोड़, बेलौरी चौक, आर०एन० साह चौक, गिरिजा चौक, मधुबनी बाजार, जनता चौक, रामबाग, पॉलिटेक्निक चौक और रजनी चौक आदि में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित।

2 कसबा से पूर्णिया आने वाली सड़क पर भारी वाहनों का प्रवेश निषिद्ध।

**जुलूस के दौरान केवल निर्धारित मार्गों पर चलेंगे वाहन, यहाँ रहेगा प्रतिबन्ध**

1 जुलूस के दौरान केवल निर्धारित मार्गों पर ही वाहन चलेंगे।

2 पॉलिटैकनिक चौक, चित्रवाणी मोड़, नेवालाल चौक और रजनी चौक से जुड़े कई मार्गों पर वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा।

### पुलिस की सार्वजनिक अपील:

01: बिना कारण भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहन लेकर प्रवेश न करें।

02 : अवैध पार्किंग, नशे में ड्राइविंग, ओवरस्पीडिंग और स्टंटिंग से बचें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी

03 : किसी भी असुविधा की स्थिति में यातायात पुलिस हेल्पलाइन नंबर 9031827767 एवं पुलिस उपाधीक्षक यातायात 9031827778 पर संपर्क करें।




### पूर्णिया पुलिस की अपील

पुलिस ने आमजनों से अनुरोध किया है कि निर्धारित मार्गों और नियमों का पालन कर सहयोग करें ताकि पूजा के दौरान सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात सुनिश्चित किया जा सके। करेंगे।



### वैकल्पिक मार्ग और बाईपास की व्यवस्था

पूर्णिया पुलिस ने यात्रियों और शहर में प्रवेश-निकासी करने वाले वाहनों की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रावधान किया है:

01: अररिया, किशनगंज और सिलीगुड़ी की ओर आने-जाने वाले वाहन जीरोमाइल से मरंगा बाईपास मार्ग का प्रयोग करेंगे।

02 : कटिहार, कुर्सेला और नवगछिया की ओर जाने वाले वाहन भी मरंगा बाईपास का उपयोग करेंगे।

03 : बनभाग क्षेत्र से आने-जाने वाले वाहन नई बाईपास सड़क से शहर में प्रवेश और निकासी करेंगे।

### अस्थायी पार्किंग एवं सुरक्षा उपाय

शहर में श्रद्धालुओं और दर्शकों के लिए अस्थायी पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं:

1 जिला स्कूल का मैदान, बीएसआरटीसी बस डिपो, रंगभूमि का मैदान, डीएसए का मैदान और खुश्कीबाग रेल ओवरब्रिज के नीचे।

2 दोपहिया एवं ई-रिक्शा पार्किंग हेतु नगर निगम द्वारा चिन्हित स्थानों का उपयोग होगा।

## पूर्णिया में दुर्गा पूजा पर भीड़ में सुरक्षा के लिए प्रशासन का विशेष संदेश,वीडियो किया जारी

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जिले में दुर्गा पूजा और दशहरा महोत्सव के अवसर पर रावण दहन और मेला के भीड़ में चलते रहने किसी एक जगह नहीं ठरने और सुरक्षा और सतर्कता का ख्याल रखने से लेकर भीड़ भाड़ वाले मेला में बच्चों के साथ सतर्कता बरतने का संदेश, वीडियो के मध्यम से जारी किया है यह वीडियो लोगों कों खूब भा रहा है ! दरअसल इस वीडियो के माध्यम से जिला प्रशासन ने यह बताया है कि भीड़ भाड़ वाले इलाके या मेले में अगर आप बच्चों के साथ जा रहें है तो आप बच्चों के साथ भीड़ में चलते रहें एक जगह नहीं ठहरे, वही यह भी बताया गया कि बच्चों के जेब में एक पर्ची रखे जिसमे नाम पता और मोबाईल नम्बर हो ताकि विशेष परिस्थिति में अगर बच्चा खो जाताहै तो वह सही जगह पहुँच जाय !

इस संदेश को एक चाय की टापरी वाले के द्वारा एक फेरी वाले कों समझया जा रहा है जो एक समाजिक संदेश है ! गौरतलब है कि जिला प्रशासन ने नागरिकों और खासकर बच्चों की सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने पूजा पंडालों, दशहरा मेले और रावण दहन जैसी भीड़भाड़ वाली जगहों पर सतर्क रहने की अपील की है।

**मुख्य संदेश:**

जिला प्रशासन ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें बच्चों और उनके अभिभावकों को यह समझाने का प्रयास किया गया है कि भीड़ में अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा सर्वोपरि है। वीडियो में प्रशासन ने भीड़ वाले इलाकों से दूर रहने, बच्चों पर विशेष ध्यान रखने और आपातकालीन स्थिति में तुरंत संपर्क करने के निर्देश दिए हैं।

**आपातकालीन संपर्क विवरण:**

**जिला आपातकालीन संचालन केंद्र, पूर्णिया:** 0645-4242317, 0645-4242319, 0646-5424320

**राज्य आपातकालीन सहायता नम्बर: 1070**

**सावधानी के कुछ सुझाव:**

01 भीड़ वाले इलाकों में बच्चों को अकेला न छोड़ें।

02 **पूजा पंडाल और मेले में प्रवेश से पहले अपने परिवार के साथ मिलकर योजना बनाएं।**

03 **आपातकालीन स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर तुरंत नोट कर लें।**

04 **बच्चों को परिचितों या अभिभावकों से दूर जाने से रोकें।**

05 जिला प्रशासन का यह संदेश इस वर्ष के दुर्गा पूजा और दशहरा उत्सव के दौरान सुरक्षा को प्राथमिकता देने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे इन निर्देशों का पालन करें और उत्सव को आनंद और सुरक्षित माहौल में मनाएं।

## पूर्णिया नगर निगम ने दुर्गा पूजा के मद्देनजर सड़कों और पंडालों की सफाई व्यवस्था में बढ़ाई सतर्कता

### महापौर विभा कुमारी और कांग्रेस नेता जितेंदर यादव ने संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न पूजा पंडालों एवं दुर्गा मंदिरों में मां भगवती की पूजा-आराधना धूमधाम से हो रही है। दुर्गा पूजा के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर नगर निगम काफी सजग है। महापौर विभा कुमारी और कांग्रेस नेता जितेंद्र यादव ने शनिवार को नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी पूजा पंडालों एवं मंदिरों का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर ने सिटी मैनेजर, मुख्य सफाई निरीक्षक, जेई सहित नगर निगम कर्मियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। सड़कों और पंडालों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान पूजा पंडालों एवं मंदिरों तक जाने वाली सड़कों को मोटरेबुल किया जा रहा है। पूजा पंडालों की सफाई दिन-रात की जा रही है। मंदिर परिसर और पंडालों तक जाने वाले रास्तों में वेपर और स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही हैं। वार्डों में खराब लाइटों की मरम्मत युद्धस्तर पर की जा रही है।



**सफाई कर्मियों और डस्टबिन की व्यवस्था**

महापौर ने कहा कि सभी पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। प्रत्येक पंडाल में दिन और रात सफाई की व्यवस्था नगर निगम द्वारा अलग से की गई है। जरूरत के अनुसार प्रत्येक पंडाल में दो से चार डस्टबिन लगाए जाएंगे। सफाई कर्मियों की तैनाती पंडालों के आसपास 200 मीटर तक की सफाई सुनिश्चित करने के लिए की गई है।

**स्वच्छता अभियान और जागरूकता**

इस वर्ष नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत पंडालों में स्वच्छता से संबंधित बैनर-पोस्टर लगाए जा रहे हैं, ताकि लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सके। साफ-सफाई में किसी कमी की स्थिति में तत्काल कार्रवाई होगी।

**भव्य पूजा और शुभकामनाएं**

नगर भ्रमण के दौरान महापौर और कांग्रेस नेता ने ततमा टोली दुर्गा मंदिर, रजनी चौक पंडाल, भट्ठा दुर्गाबाड़ी, मरंगा सहित अन्य मंदिरों का जायजा लिया। उन्होंने आयोजन समिति और नगरवासियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मौके पर सिटी मैनेजर पवन कुमार पवन, वार्ड पार्षद आतिश सनातनी, मुख्य सफाई निरीक्षक कैलाश सिंह, जेई कुनील जी, संत मुरारी बाबा, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मनोज साह, बहादुर यादव, ललनेश सिंह, रामाकांत झा, राजू गुप्ता, निर्भय यादव, बच्चा बाबू, जितेंद्र गुप्ता, नीतू दा, दिलीप चौधरी, भूपेंद्र सिंह सहित नगर निगम के कर्मीगण और गणमान्य लोग मौजूद थे।

## महबूब खान टोला रोड में किडज़ी जॉनी किड्स और माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल का भव्य डांडिया उत्सव



**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

महबूब खान टोला रोड स्थित किडज़ी जॉनी किड्स और माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल में आयोजित दो दिवसीय डांडिया उत्सव का रंगारंग समापन शनिवार कों हो गया । नवरात्र के अवसर पर आयोजित इस डांडिया महोत्सव कों बच्चों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी ने इस सांस्कृतिक कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

नन्हे-मुन्नों का रंगीन प्रदर्शन छोटे-छोटे बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में सजा कर डांडिया प्रस्तुत किया। उनके उत्साह और उमंग ने पूरे स्कूल परिसर को संगीत, ताल और रंगों से भर दिया। हर कदम, हर ताल में भारतीय संस्कृति और खुशियों की झलक देखने को मिली।

"बेस्ट ड्रेस" और "बेस्ट डांडिया परफ़ॉर्मेंस" प्रतियोगिता उत्सव का दूसरा दिन विशेष रूप से प्रतियोगिताओं के लिए यादगार रहा।

बेस्ट ड्रेसः बच्चों ने पारंपरिक पोशाकों में अपनी शैली का अद्भुत प्रदर्शन किया।

बेस्ट डांडिया परफ़ॉर्मेंसः जोश और तालमेल के साथ नृत्य प्रस्तुत कर विजेता चुने गए। विजेताओं को सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना की गई और बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।

उत्सव का उद्देश्यः परंपरा और टीम भावना

निदेशक त्रिदीप कुमार दास ने कहा – "यह उत्सव सिर्फ मनोरंजन का अवसर नहीं, बल्कि भारतीय परंपरा, संस्कृति और सामूहिकता को सीखने का भी माध्यम है।"

प्राचार्या अम्ब्रीन खान ने सभी बच्चों और शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा – "बच्चों की सक्रिय भागीदारी और शिक्षकों के सहयोग से यह डांडिया उत्सव अविस्मरणीय बन सका। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और टीम भावना को प्रबल करते हैं।"

समापनः उत्साह और उल्लास डांडिया उत्सव का समापन सामूहिक नृत्य और हर्षोल्लास के साथ हुआ। बच्चों ने रंग-बिरंगे डांडिया थाम कर इस सांस्कृतिक आयोजन का भरपूर आनंद लिया।

संक्षिप्त वन-लाइन पॉइंट्सः

दो दिवसीय डांडिया उत्सव का महाबूब खान टोला रोड में भव्य समापन।

नन्हे-मुन्नों ने पारंपरिक परिधानों में रंगीन डांडिया प्रस्तुत किया।

"बेस्ट ड्रेस" और "बेस्ट डांडिया परफ़ॉर्मेंस" प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा।

निदेशक और प्राचार्या ने बच्चों और शिक्षकों के योगदान की सराहना की।

## पूर्णिया में कैथोलिक स्कूल एसोशिएशन का 'उमंग महोत्सव' का भव्य कार्यक्रम के बीच हुआ उद्घाटन

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

कैथोलिक स्कूल एसोशिएशन, पूर्णिया धर्म प्रांत के तत्वावधान में आयोजित "उमंग महोत्सव" का उद्घाटन समारोह एक भव्य और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्णिया धर्म प्रांत के धर्माध्यक्ष विशप फ्रांसिस तिर्की ने समारोह का उद्घाटन किया।

**धर्माध्यक्ष ने छात्र-छात्राओं को दी प्रेरणा**

विशप फ्रांसिस तिर्की ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम उनके सर्वांगीण विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने और खेल भावना का पालन करने पर जोर दिया।

**आगंतुकों और सिस्टरगण का स्वागत**

समारोह की शुरुआत में डॉन बॉस्को विद्यालय के प्राचार्य फादर एलेक्जेंडर टोपनो ने सभी आगंतुक अतिथियों, फादरगण और विभिन्न विद्यालयों से पधारे सिस्टरगण का स्वागत किया। आयोजन समिति के सचिव फादर मनोज खलको ने उमंग महोत्सव को खेल महाकुंभ बताते हुए छात्रों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।






**विभिन्न खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विजेता**

**बास्केटबॉल**

**बालक**: विजेता – सेंट पीटर्स (हिंदी माध्यम), उपविजेता – सेंट जेवियर, बाघमारा

**बालिका**: विजेता – सेंट पीटर्स (हिंदी माध्यम), उपविजेता – उर्स लाइन कॉन्वेंट, पूर्णिया सिटी

**वॉलीबॉल**

**बालक**: विजेता – डॉन बॉस्को, कटिहार; उपविजेता – सेंट पीटर्स, इंग्लिश, पूर्णिया

**बालिका**: विजेता – डॉन **बॉस्को बेलौरी, माधोपारा;**

**उपविजेता** – उर्स लाइन कॉन्वेंट, पूर्णिया सिटी

**फुटबॉल (बालक)**: विजेता – सेंट जेवियर, बाघमारा; उपविजेता – मेरी इमाकुलेट, कटिहार

**क्रिएटिव रेटिंग (हिंदी)**: **विजेता** – डॉन बॉस्को, मरियमनगर; उपविजेता – सेंट जोसेफ, डूमर

**शतरंज: विजेता** – उर्स लाइन कॉन्वेंट, पूर्णिया सिटी; उपविजेता – सेंट पीटर्स (हिंदी माध्यम), पूर्णिया

**वेस्टर्न डांस: विजेता** – सेंट पीटर्स, इंग्लिश, पूर्णिया; उपविजेता – डॉन बॉस्को, कटिहार

**कैरम: विजेता** – विमल हृदय, पूर्णिया; उपविजेता – डॉन बॉस्को, माधोपारा

**ओवरहेड बॉल: विजेता** – सेंट जेवियर, बाघमारा; उपविजेता – उर्स लाइन, पूर्णिया सिटी

**चित्रकला: विजेता** – सेंट जेवियर, बाघमारा; उपविजेता – उर्स लाइन, पूर्णिया सिटी

**ओवरऑल चैंपियन:** उर्स लाइन कॉन्वेंट, पूर्णिया सिटी

उपविजेता टीमः डॉन बॉस्को, कटिहार

**प्रतियोगिता संचालन और धन्यवाद ज्ञापन**

प्रतियोगिता का लेखा संयोजन समीर तिर्की और श्रवण कुमार ने किया। केशियर कामेश्वर मिंज और लेखापाल शबनम संगा एवं प्रसादी उरांव ने अपने कार्यों में तत्परता दिखाई। आयोजन समिति के अध्यक्ष फादर अजय गेब्रियल तिर्की ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

**इस अवसर पर रहे मौजूद, दी शुभकामनाएं**

इस अवसर पर सिस्टर अनिता, सिस्टर वंदिता, सिस्टर मरियम, सिस्टर टेरेसा, सिस्टर अखिला मेरी, फादर फूल जेम्स, फादर डेनिश मुर्मू, फादर रवि, फादर दर्पण मंडल, फादर प्रिंस लकड़ा, फादर सहराज सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अंत में डॉन बॉस्को, मरियम नगर के प्राचार्य फादर अमल आनंद राज ने छात्र-छात्राओं को बेहतर उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं दी।

# नगर निगम की बड़ी पहल: दुर्गा पूजा पंडालों में साफ-सफाई और प्लास्टिक मुक्त अभियान पर जोर

## उप महापौर पल्लवी गुप्ता ने शहर के पूजा स्थलों का किया निरीक्षण, साफ-सफाई और व्यवस्था को बनाया प्राथमिकता

**न्यूज़न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

--------------------

आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर नगर निगम ने शहरवासियों की सुविधा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। शुक्रवार को उप महापौर पल्लवी गुप्ता ने शहर के विभिन्न पूजा पंडालों का दौरा कर व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निगम कर्मियों और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा, साफ-सफाई और स्वच्छ वातावरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

**पंडालों में व्यवस्था और सुरक्षा पर विशेष ध्यान**





निरीक्षण के क्रम में उप महापौर पल्लवी गुप्ता ने कहा कि दुर्गा पूजा महोत्सव में लाखों श्रद्धालु पंडालों में दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे में निगम की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्होंने निगम कर्मियों को निर्देश दिया कि कचरा उठाव, नालियों की सफाई और सड़क पर जलजमाव की समस्या पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही, श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**पंडाल समितियों के साथ संवाद और प्लास्टिक मुक्त अपील**

पंडाल समितियों के पदाधिकारियों के साथ वार्ता के दौरान पल्लवी गुप्ता ने शहरवासियों और समिति सदस्यों से अपील की कि पूजा स्थलों और उनके आसपास प्लास्टिक का प्रयोग पूरी तरह से बंद किया जाए। उन्होंने कहा: "हम सबका छोटा-सा सहयोग हमारे शहर को और स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाने में बड़ी भूमिका निभाएगा।" इस अपील के तहत नगर निगम द्वारा पंडालों के आसपास पर्याप्त संख्या में डस्टबिन लगाए जा रहे हैं। उप महापौर ने सभी श्रद्धालुओं से सविनय आग्रह किया कि वे इन डस्टबिन का उपयोग करें और कहीं भी गंदगी न फैलाएं।

**शहरवासियों का उत्साह और निगम का समर्पण**

निरीक्षण के दौरान नगर निगम के अधिकारी, सफाई कर्मी और पंडाल समितियों के सदस्य मौजूद रहे। लोगों ने उप महापौर की इस पहल की सराहना करते हुए भरोसा जताया कि इस बार दुर्गा पूजा महोत्सव और भी स्वच्छ, व्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक होगा।

# एसडीओ ने दी अंगरक्षक दीपक कुमार झा को भावभीनी विदाई




**न्यूज स्केल बनमनखी**

तकरीबन साढ़े चार साल से बनमनखी अनुमंडल पदाधिकारी के अंगरक्षक पद पर कार्यरत दीपक कुमार झा के अरवल स्थानांतरित होने पर अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया. समारोह की अध्यक्षता वर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने किया. इस अवसर पर अनुमंडल के सभी कर्मी मौजूद थे अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार एवं सभी कर्मी ने अंगरक्षक दीपक कुमार झा को पुष्प गुच्छ और उपहार देकर विदाई दी.मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि सरकारी नौकरी में स्थानांतरण होते रहता है लेकिन उसकी निस्वार्थ भाव से सेवा और अपने कर्तव्य का निर्वाहन करने वाले अपनी छाप छोड़ जाते हैं उसी में से एक दीपक कुमार झा थे जो साढ़े चार साल से अनुमंडल पदाधिकारी के अंगरक्षक के पद पर कार्यरत थे उसका स्थानांतर अरवल जिला हो गया है मृदुभाषी, कुशल व्यवहार और कर्तव्य के प्रति निष्ठावान दीपक कुमार झा सबों के दिलों में बसते थे स्थानांतरण की सूचना पर मेरा मन उदास हो गया और ईश्वर से प्रार्थना है कि जहां भी रहे अपने कर्तव्यों का पालन करते रहे. दीपक कुमार झा के सहयोगी और अनुमंडल कर्मी उसकी भूरी भूरी प्रशंशा किया. सबों ने माला पहनाकर,उपहार देकर खुशी खुशी विदाई किया.

# इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में गरबा नाइट की धूम

## बच्चों और अभिभावकों ने मिलकर मनाया नवरात्रि उत्सव

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में नवरात्रि के अवसर पर गरबा नाइट बड़े उत्साह और धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 10 तक की सभी छात्राएँ और शिक्षक-शिक्षिकाएँ रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में गरबा नृत्य में शामिल हुए। के.जी. और कक्षा 1 के अभिभावकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था, जिससे कार्यक्रम में परिवारिक जुड़ाव भी देखने को मिला।



विद्यालय परिसर में जीवंत संगीत, रंग-बिरंगे परिधान और उत्सव का आनंद पूरे वातावरण में देखने को मिला। बच्चों ने डांडिया और गरबा नृत्य में अपनी कला का प्रदर्शन किया, जबकि अभिभावक उत्साहपूर्वक उनकी प्रतिभा की सराहना करते रहे।

इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक डॉ. श्री. असद इमाम ने कहा कि ऐसे पर्व हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखते हैं और आनंद व एकता का संदेश फैलाते हैं। सहायक निदेशक आदिल इमाम ने इस अवसर को विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच संबंध मजबूत करने वाला बताया। प्राचार्या श्रीमती किस्मत आरा ने कहा कि यह आयोजन बच्चों को सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ता है और कक्षा के बाहर सीखने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के बीच उत्साह और सौहार्द का अद्भुत अनुभव प्रस्तुत किया।

# मिल्लिया फखरूद्दीन बी.एड. टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा, छात्रों और शिक्षकों ने किया सामूहिक श्रमदान

## स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत पर्यावरण और सार्वजनिक स्थानों की सफाई में जुटे प्रशिक्षु

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

मिल्लिया फखरूद्दीन अली अहमद बी.एड. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रामबाग, पूर्णियाँ में आज स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा 2025 के अंतर्गत एक सांकेतिक श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. शाहबाज रिजवी, शिक्षकगण और सभी प्रशिक्षुओं ने सक्रिय भागीदारी करते हुए महाविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों की सफाई में योगदान दिया।

**स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 2017 से प्रतिवर्ष आयोजित हो रहा है** : इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रिजवी ने अपने संबोधन में कहा कि



**2024 में आठ लाख से अधिक स्वच्छता इकाइयों को सार्वजनिक उपयोग** : डॉ. रिजवी ने आगे बताया कि 2024 में आठ लाख से अधिक स्वच्छता इकाइयों को सार्वजनिक उपयोग के लिए विकसित किया गया और 12 करोड़ से अधिक शौचालयों के निर्माण के माध्यम से खुले में शौच की समस्या में कमी आई। इस अभियान ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान बढ़ाने के साथ ही पांच वर्ष से कम उम्र के तीन लाख बच्चों को गंदगी जनित बीमारियों से बचाने में मदद की।

इस वर्ष अभियान का थीम 'स्वच्छोत्सव' रखा गया है, जो उत्सव की भावना के साथ सामूहिक जिम्मेदारी को जोड़ता है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 2017 से प्रतिवर्ष आयोजित हो रहा है और देशभर में नागरिक स्वयंसेवकों के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों की सफाई को बढ़ावा देता है। 2025 के अभियान का संचालन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है, जिसमें गांवों और शहरों में सामूहिक श्रमदान, कूड़ास्थानों की सफाई और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**कार्यक्रम में रहे मौजूद**

इस कार्यक्रम में प्राचार्य के साथ सभी सहायक प्राध्यापक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की। इसमें श्री ध्रुव कुमार, श्री प्रवीण कुमार सिंह, श्री राजीव कुमार, श्री कुन्दन कुमार, सौरभ कुमार, अंसारूल हक, शादाब कौशर, मो. शफीर अहमद, सूरज कुमार, बुनो, सुधा, उमा और बबीता का विशेष योगदान रहा।

# रुपौली में पैक्स गोदाम घोटाले में कार्यवाई , तीन गिरफ्तार, 32 लाख रुपये का गबन मामला दर्ज

**न्यूज स्केल रुपौली**



रुपौली थाना क्षेत्र के डोभा मिलित पंचायत स्थित पैक्स गोदाम में सरकारी धान की अवैध कमी और गबन मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। रुपौली थाने में दर्ज प्राथमिकी संख्या 159/25 के तहत मुख्य आरोपी प्रबंधक रंजीत कुमार एवं अन्य निर्वाचित सदस्यों के खिलाफ 137.485 एमटी धान की समतुल्य राशि लगभग 32 लाख रुपये के गबन का मामला दर्ज किया गया।

थाना अध्यक्ष अभय रंजन के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रंजीत कुमार, अरविंद कुमार भगत और मनोज राम को गिरफ्तार किया। मामले के संबंध में बताया गया है कि वर्ष 2024-25 के खरीफ विपणन में कुल 211.125 एमटी धान खरीदी गई थी, जबकि विभागीय पोर्टल के अनुसार मात्र 57.43 एमटी सीएमआर बिहार राज्य खाद्य निगम को सप्लाई की गई। अभी भी 84.87 एमटी सीएमआर की आपूर्ति शेष है।

जिला पदाधिकारी पूर्णिया ने शत प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति के लिए 4 अगस्त 2025 तक अंतिम समय सीमा निर्धारित की थी, लेकिन संबंधित पैक्स ने इसे पूरा नहीं किया। विभागीय निर्देश का पालन न करने और लापरवाही बरतने के कारण सभी कार्यकारिणी सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के उपस्थिति में पैक्स गोदाम का निरीक्षण किया गया, जिसमें अध्यक्ष चंदन कुमार अनुपस्थित पाए गए। प्रबंधक ने बताया कि गोदाम की चाभी अध्यक्ष के पास है। इस मामले में कुल 7 सदस्य आरोपी हैं, जिनके खिलाफ रुपौली थाने में मामला दर्ज है।

# प्रखंड मुख्यालय रुपौली में शिक्षक संवाद सह सम्मान समारोह आयोजित की गई

**न्यूज़ स्केल रुपौली**

रुपौली प्रखंड मुख्यालय स्थित फैसिलिटी भवन प्रांगण में शुक्रवार की संध्या शिक्षक परिवार रुपौली की ओर से शिक्षण संवाद सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया।इसमें नव चयनित प्रधानाध्यापक एवं प्रधान शिक्षकों को डायरी, कलम और माला देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नीरज कुमार ने की तथा मंच संचालन प्रखंड सचिव शम्स तबरेज ने किया। मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी रुपौली और विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी रुपौली रही। इस मौके पर बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ पूर्णिया जिला अध्यक्ष सह NMOPS जिला अध्यक्ष पवन कुमार जायसवाल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। BDO ने शिक्षकों को विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक माहौल तैयार करने की जिम्मेदारी



बताते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। CO ने भी सहयोग देने का भरोसा दिलाया। पवन जायसवाल ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान में संगठन जिला स्तर तक हर संभव मदद करेगा। इस अवसर पर पुरुष प्रधानों को BDO तथा महिला प्रधानों को CO द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में अनंत कुमार, गौतम कुमार सिंह, प्रियंका भारती, निक्की सिंह, नीलम कुमारी, पुष्पलता कुमारी, रुबी कुमारी, बिंदु कुमारी व कंचन कुमारी सहित अन्य शिक्षक शामिल थे।

# सत कोदरिया में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान का जोरदार शुभारंभ,हर गली-सड़क अब होगी साफ-सुथरी

**न्यूज़ स्केल हरदा**

कृत्यानंद नगर प्रखंडः सत कोदरिया पंचायत में सरकार के निर्देशानुसार लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया श्याम लाल टुड्डू, स्वच्छता पर्यवेक्षक संजीव कुमार और पंचायत सचिव पिंटू कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार टुड्डू ने बताया कि सरकार के दिशा-निर्देश के तहत यह सेवा अभियान लगातार तीसरे दिन भी जारी है और पंचायत के सभी वार्ड में स्वच्छता कर्मियों द्वारा गली, गलियारा और सड़कों की सफाई का कार्य किया जा रहा है।



स्वच्छता पर्यवेक्षक संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि अभियान में पंचायत के सभी वार्ड में सक्रियता के साथ सफाई कार्य किया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से कार्यपालक अजीत कुमार, विकास मित्र अशोक कुमार, सच्चिदानंद साह, रविश कुमार, बिजेंद्र कुमार पोद्दार और अन्य स्वच्छता कर्मियों की मेहनत और लगन उल्लेखनीय रही।

सत कोदरिया पंचायत के लोग भी इस अभियान की सराहना कर रहे हैं और उन्होंने कहा कि ऐसे निरंतर प्रयासों से न केवल पंचायत की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि स्वास्थ्य और स्वच्छता के स्तर में भी सुधार होगा।यह अभियान स्थानीय प्रशासन और पंचायत द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# रौटा थाना में जनता दरबार का आयोजन, सभी मामलों का हुआ निष्पादन

**न्यूज़ स्केल बैसा (पूर्णिया)**

रौटा थाना में थाना अध्यक्ष कुमार कुणाल सौरव और सीओ गोपाल कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान आम जनता की समस्याओं को सुना गया और उनका तुरंत समाधान किया गया। जनता दरबार में कुल 3 मामले आए, जिनमें से सभी मामलों का निष्पादन कर दिया गया।



थाना अध्यक्ष कुमार कुणाल सौरव ने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। सीओ गोपाल कुमार ने बताया कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का शीघ्र निवारण करना है।

जनता दरबार में आए लोगों ने अपनी समस्याएँ अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिन्हें तत्काल कार्रवाई करते हुए हल किया गया। इस आयोजन से पुलिस के प्रति आम जनता का विश्वास बढ़ा है। इस मौके पर मुख्य रूप से आर ओ चंद्र प्रकाश समेत अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# गोआ सी में दुर्गा पूजा के अवसर पर चार दिवसीय स्व बलदेव साह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**न्यूज़ स्केल हरदा**

कृत्यानंद नगर प्रखंड के गोआ सी पंचायत भवन स्थित माता दुर्गा स्थान पूजा समिति के द्वारा आयोजित चार दिवसीय स्व बलदेव साह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हो गया। यह टूर्नामेंट दुर्गा पूजा के अवसर पर खेल और सामाजिक सामंजस्य बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।



टूर्नामेंट का उद्घाटन और आयोजन टूर्नामेंट का उद्घाटन संचालक और फुटबॉलर चैंपियन स्व. बलदेव साह के सुपुत्र सतीश चन्द्र गुप्ता द्वारा किया गया। सतीश चन्द्र गुप्ता ने बताया कि यह टूर्नामेंट हर वर्ष दुर्गा पूजा के मौके पर आयोजित किया जाता है, ताकि युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़े और समाज तथा राज्य का नाम रोशन हो।

**मैचों का कार्यक्रम**

25 सितंबरः चर कठिया बनाम मीरगंज

26 सितंबरः प्रधान टोला बनाम विद्या विहार

27 सितंबरः कोला बनाम बक्शा घाट

29 सितंबरः गोआ सी बनाम बरकोना

टूर्नामेंट में विभिन्न ग्रामीण टीमों की भागीदारी रही, जिससे स्थानीय युवाओं में उत्साह और खेल के प्रति जोश देखने को मिला।

**समाज और कमिटी की सक्रिय भागीदारी** : दुर्गा पूजा कमिटी के पूर्व मुखिया मनोहर सिंह, संजय अकेला, रमेश सिंह, नीतीश पासवान, सूरज पासवान, उदय सिंह, बमबम कुमार, मुकेश कुमार, यशवंत कुमार, राधे पंडित सहित तमाम ग्रामीणों की सक्रियता सराहनीय रही। उन्होंने आयोजन में सहयोग करते हुए प्रतियोगिता की सफलता सुनिश्चित की।

**अनाउंसर और कार्यक्रम संचालन** : इस टूर्नामेंट का अनाउंसर पूर्णेन्दु सिंह माधव ने किया, जिन्होंने मैचों का समय, स्कोर और आयोजनों को सुचारू रूप से प्रस्तुत किया।

टूर्नामेंट का यह आयोजन स्थानीय युवाओं को खेल के माध्यम से एकजुट करने और क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# बिहार चुनाव में दो तिहाई बहुमत मिलने पर घुसपैठियों को चुन चुनकर निकाला जाएगा बाहर : अमित शाह





**अररिया** (हि.स.)
अररिया जिले के फारबिसगंज हवाई अड्डा मैदान में शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोशी, पूर्णिया और भागलपुर प्रमंडल के 49 विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव कार्यकर्ताओं की ताकत से जीतती है और हर कार्यकर्ता सैनिक की तरह पार्टी के लिए काम करता है।

**घुसपैठ और बाढ़ पर तीखे हमले ;** शाह ने अपने संबोधन में विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यह चुनाव बिहार से घुसपैठियों को खदेड़ने का चुनाव है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दो-तिहाई बहुमत मिलने पर घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा।
कोशी की बाढ़ समस्या का समाधान बताते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने कोशी-मेची लिंक परियोजना के लिए राशि जारी कर दी है, जिससे नदियां अब बाढ़ नहीं लाएंगी बल्कि खेतों की सिंचाई करेंगी।

**विपक्ष पर सीधा प्रहार**
अमित शाह ने लालू प्रसाद यादव और राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि लालू का लक्ष्य केवल बेटे को जिताना है, जबकि भाजपा का संकल्प बिहार को घुसपैठ से मुक्त कराना है। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि वे फर्जी मतदाताओं को बचाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन भाजपा उन्हें सफल नहीं होने देगी।

**गृह मंत्री की सभा और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक** में भाजपा समर्थकों का जोश देखने लायक रहा। कार्यक्रम में बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी तथा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल भी मौजूद रहे।

**विकास योजनाओं की झलक**
गृह मंत्री ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि पूर्णिया में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड, भागलपुर में 2400 मेगावाट का कोयला आधारित बिजली संयंत्र और बिहार में छह नए एयरपोर्ट निर्माण की प्रक्रिया तेज है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, जीविका दीदियों को डीबीटी, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और सीता माता मंदिर निर्माण जैसी योजनाओं से करोड़ों परिवार लाभान्वित हुए हैं।

**चार दीपावली मनाने का आह्वान :**
शाह ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इस बार "चार दीपावली" मनाएं— पहली राम मंदिर निर्माण की, दूसरी जीविका दीदियों को आर्थिक मदद मिलने की, तीसरी जीएसटी में राहत की और चौथी एनडीए की 160 से अधिक सीटें जीतने की। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और दीपावली में भारतीय उत्पाद खरीदने का भी आग्रह किया।









# अररिया में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 236 स्थानों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बल तैनात

**अररिया,** : दुर्गा पूजा-2025 (29 सितंबर से 2 अक्टूबर) को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विशेष कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी अनिल कुमार और पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने संयुक्त आदेश जारी कर 236 स्थानों पर मजिस्ट्रेटों के नेतृत्व में पुलिस और सशस्त्र बल तैनात करने का निर्देश दिया है। अररिया अनुमंडल में 124 और फारबिसगंज में 112 स्थानों पर बल प्रतिनियुक्त होंगे। सभी अधिकारी और पुलिस बल विसर्जन तक सक्रिय रहेंगे।




सख्त नियमः पूजा पंडाल और जुलूस में डीजे का पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सभी पूजा स्थल और जुलूस शत-प्रतिशत लाइसेंसी होंगे, और लाउडस्पीकर की अनुमति केवल सक्षम पदाधिकारी द्वारा दी जाएगी। सुरक्षा के लिए सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य होंगे। विशेष निगरानीः अनुमंडल पदाधिकारी और जिला परिवहन पदाधिकारी विशेष वाहन जांच अभियान चलाएंगे। सोशल मीडिया पर वायरल संदेशों और अफवाहों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा और विसर्जनः सिविल सर्जन द्वारा अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सक एवं आकस्मिक दवाओं की व्यवस्था की गई है। जिला अग्निशमन पदाधिकारी अग्निशामक दस्ता तैनात करेंगे। संवेदनशील घाटों पर नाव और गोताखोरों की पर्याप्त संख्या में प्रतिनियुक्ति होगी, जबकि नदी में मूर्ति विसर्जन पर प्रतिबंध रहेगा। नियंत्रण कक्षः जिला नियंत्रण कक्ष (06453-222309) और अनुमंडल नियंत्रण कक्ष अररिया (06453-222070) व फारबिसगंज (06455-295202) पूरे कार्यक्रम के दौरान सक्रिय रहेंगे। अपर समाहर्ता अनिल कुमार झा और पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार सिंह मुख्य प्रभार संभालेंगे, जबकि अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने क्षेत्र की पूरी विधि व्यवस्था के जिम्मेदार होंगे। यह सुनिश्चित करता है कि अररिया जिले में दुर्गा पूजा-2025 शांतिपूर्ण और सुरक्षित रूप से संपन्न हो।

# हाईवा और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की मौत, दो व्यक्ति घायल

**भागलपुर,** (हि.स.)। जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के मिरहट्टी पंचायत के नवटोलिया गांव के समीप फोर लेन पर शनिवार को हाईवा और मोटरसाइकिल के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान लालमुनी यादव निवासी शाहकुण्ड प्रखंड के कसबा खैरी के रूप में हुई है।
बताया जा रहा है कि लालमुनि अपने घर से मोटरसाइकिल से गंगा स्नान करने अजगैबिनाथ धाम जा रहे थे। तभी नवटोलिया फोरलाइन मोड़ के समिप तेज गति से आ रहे हाइवा ने मोटरसाइकिल पर जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें लालमुनि यादव की मौत हो गई। जबकि लक्ष्मण यादव और निर्मल यादव गंभीर रूप से घायल हो गए।
स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल सुल्तानगंज लाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायलों की स्थिति गंभीर देख उसे बेहतर इलाज के लिए मायागंज रेफर कर दिया। उधर घटना के बाद से परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। उधर पुलिस ने शव को कब्जे में ले शकर पोस्मार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया है।



# दुर्गा पूजा को लेकर सभी अधिकारियों की छुट्टी रद्द,मुख्यालय में रहने का आदेश


**अररिया** (हि.स.)। जिला पदाधिकारी अनिल कुमार ने ज्ञापांक 2116 सी के माध्यम से दुर्गापूजा में विधि व्यवस्था के मद्देनजर सभी पदाधिकारी को मुख्यालय में रहने एवं सभी प्रकार की छुट्टी को निरस्त कर देने का आदेश जारी किया है।
इसके अतिरिक्त डीएम अनिल कुमार और एसपी अंजनी कुमार की ओर से संयुक्तादेश निकालकर दुर्गा पूजा पर पूरे जिले में मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है।
जिला दण्डाधिकारी ने दुर्गापुजा के अवसर पर विधि व्यवस्था नियंत्रण एवं असामाजिक तत्वों द्वारा वाहनों का यातायात नियमों के उल्लंघन करने



वाले वाहनों के परिचालन करनेवाले वाहन चालक पर मोटरयान निरीक्षक, प्रवर्तन अवर निरीक्षक, चलन्त दस्ता सिपाही, एवं अन्य के साथ टीम बनाकर जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में गहन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का आदेश दिया है।
यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले पर मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत शमन की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

# पिटाई के बाद युवक की मौत, छानबीन में जुटी पुलिस

**भागलपुर,** (हि.स.)। जिले के लोदीपुर थाना क्षेत्र के श्रीरामपुरडीह गांव में शनिवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक की कुछ लोगों ने मिलकर बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर हालत में उसे मायागंज अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।
मृतक भैरव मंडल,जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।
मृतक के भाई भोला मंडल ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे घटना की जानकारी मिली जब वे मौके पर पहुंचे तो उनका भाई अधमरा पड़ा हुआ था। तत्काल 112 टीम



को सूचना दी गई और पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल भैरव को मायागंज अस्पताल ले गई। भोला मंडल ने आरोप लगाया कि अस्पताल में करीब दो घंटे तक इलाज शुरू नहीं हुआ। अगर समय पर चिकित्सकीय सुविधा मिलती तो भैरव की जान बच सकती थी।
परिजन ने बताया कि भैरव मंडल के साथ गांव में कई बार झगड़े होते रहे थे। पिछले कुछ महीनों में 6–7 बार विवाद और मारपीट की घटनाएं हो चुकी थी। भोला मंडल ने आरोप लगाया कि गांव के ही बंधु मंडल, बबलू मंडल, सुरू मंडल और नूपुर मंडल ने इस घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि यही लोग बार-बार लड़ाई करते थे और अंततः भाई की जान ले ली। उसकी असामयिक मौत से गांव और परिवार में शोक का माहौल है।
परिजन ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और परिजन के बयान पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

# धमदाहा अंचल कार्यालय का निरीक्षण, पेंडिंग कार्यों का त्वरित निष्पादन का निर्देश



**न्यूज स्केल धमदाहा**

शनिवार को धमदाहा अंचल कार्यालय का निरीक्षण अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी कुमारी ज्योति के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंचल में पेंडिंग पड़े दाखिल खारिज आय, निवास, जाति सहित अन्य प्रमाण पत्रों और कागजातों की बारीकी से जांच की। इस दौरान अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी
कुमारी ज्योति ने बताया कि विभाग से मिले निर्देशों के अनुसार निरीक्षण किया गया, क्योंकि एस.आर. कार्य में लगे रहने के कारण कई दाखिल खारिज प्रमाण पत्र और कागजात लंबित रह गए थे।
निरीक्षण में पाया गया कि लगभग 80 प्रतिशत कार्य पहले ही निष्पादित हो चुका है। शेष 20 प्रतिशत कार्यों को त्वरित रूप से निपटाने का आदेश दिया गया। इस अवसर पर अंचला अधिकारी कुमार रविंद्र नाथ और राजस्व कर्मी भी उपस्थित रहे। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने और लंबित कागजातों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया।

# कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र : विशेष गहन पुनरीक्षण बैठक

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

**01: जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री सावन कुमार की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव उपस्थित थे।**

**02 : बैठक में अर्हता तिथि 01.07.2025 के आधार पर मतदाता सूची का सत्यापन और संशोधन प्रक्रिया पर चर्चा हुई।**

**03 : अंतिम प्रकाशन से पूर्व दलों को सुझाव देने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का अवसर प्रदान किया गया।**




**बैठक में राजनीतिक दलों की भागीदारी** : बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी दलों को विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, महत्वपूर्ण तिथियों और तकनीकी विवरणों से अवगत कराया। उन्होंने दलों को पुनरीक्षित सूची पर सुझाव देने और मतदाता अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने का अवसर प्रदान किया।

सावन कुमार, भा०प्र०से०, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक सूची की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य अर्हता तिथि 01.07.2025 के आधार पर विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया को अंतिम रूप देना था।

**निर्वाचक सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण** : विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में शामिल मतदाताओं की सटीक और अद्यतन सूची तैयार करना है। इस प्रक्रिया में नए मतदाताओं का समावेश, नामों की सत्यापन, और किसी भी त्रुटि का सुधार शामिल है। श्री सावन कुमार ने सभी उपस्थित दलों से सहयोग और पारदर्शिता बनाए रखने का आग्रह किया।

**अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया**
बैठक में अंतिम प्रकाशन की तिथि, विवरण और कार्यवाही की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। सभी राजनीतिक दलों को पुनरीक्षित सूची देखने, आवश्यक संशोधन सुझाने और चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्ष भागीदारी सुनिश्चित करने का अवसर मिलेगा। इस बैठक के बाद जिला प्रशासन ने विशेष गहन पुनरीक्षण की अंतिम सूची को प्रकाशित करने की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।
यह बैठक कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में आगामी चुनाव की तैयारियों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## दुर्गा पूजा के लिए विधि व्यवस्था की तैयारी





**न्यूज़ स्केल सुपौल**

दुर्गा पूजा के अवसर पर जिले में शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, सुपौल और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सुपौल सदर ने संयुक्त बैठक आयोजित की। बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिले के सभी थाना प्रभारी, अंचल अधिकारी, दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिए गए कि वे पूजा स्थल और आस-पास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाएं, किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करें और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। अधिकारियों ने सभी धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रभावी समन्वय एवं निगरानी व्यवस्था बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से ही पूजा सुरक्षित एवं आनंदपूर्ण तरीके से संपन्न हो सकेगी।

# मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना : स्नातक उर्तीण युवाओं के लिए रोजगार सशक्तिकरण

## लाभार्थी स्वयं रोजगार/स्वरोजगार या अध्ययनरत न हों और रोजगार की तलाश में हों

**न्यूज़ स्केल सुपौल**

योजना एवं विकास विभाग, सुपौल के अंतर्गत जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र, सुपौल द्वारा संचालित मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना वर्ष 2016 से लागू है। यह योजना विशेष रूप से इंटर (12वीं) उत्तीर्ण युवाओं को रोजगार तलाशने में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। अब इस योजना का दायरा बढ़ाकर स्नातक उर्तीण युवाओं तक भी कर दिया गया है।

**लाभार्थी पात्रता** : योजना का लाभ 20 से 25 वर्ष के आयु वर्ग के उन युवक/युवतियों को मिलेगा, जिन्होंने राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/संस्थान से स्नातक की डिग्री (कला, विज्ञान या वाणिज्य संकाय से) प्राप्त की हो। लाभार्थी स्वयं रोजगार/स्वरोजगार, सरकारी या निजी क्षेत्र में अनुबंध/स्थायी/अस्थायी रूप से नियुक्त न हों, कहीं अध्ययनरत न हों और सक्रिय रूप से रोजगार की तलाश कर रहे हों।



**भत्ता और अवधि** : पात्र युवाओं को 1,000 रुपये प्रतिमाह की दर से भत्ता प्रदान किया जाएगा। यह लाभ अधिकतम दो वर्षों तक जारी रहेगा। भत्ते के माध्यम से युवाओं को आर्थिक सहायता मिलती है जिससे वे नौकरी की तलाश में समय और संसाधन सुरक्षित रख सकें।

**कौशल विकास और प्रशिक्षण** : इस योजना के तहत भत्ता प्राप्त करने वाले स्नातक युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों के लिए क्षमतावर्धन किया जाएगा। बिहार राज्य के श्रम संसाधन विभाग द्वारा निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को विभिन्न व्यावसायिक और तकनीकी कौशल में दक्ष बनाया जाएगा, जिससे उनकी रोजगार संभावनाएं बढ़ें।

**योजना का महत्व** : यह योजना राज्य के युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और रोजगार के अवसरों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके तहत न केवल आर्थिक सहायता मिलती है, बल्कि कौशल विकास और स्वरोजगार के लिए मार्ग भी प्रशस्त होता है, जिससे राज्य में युवा सशक्तिकरण और आर्थिक वृद्धि दोनों को बढ़ावा मिलता है।

# गणपतगंज बाजार स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर का है धार्मिक महत्व

**न्यूज़ स्केल राघोपुर**





राघोपुर प्रखंड के गणपतगंज बाजार में स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर प्राचीनतम धार्मिक स्थलों में से एक है। यहां आने वाले भक्तों की मान्यता है कि मां दुर्गा की कृपा से कोई भी खाली हाथ नहीं लौटता। यह मंदिर दूर-दूर तक प्रसिद्ध है और क्षेत्र के अलावा आस-पास के कई स्थानों से भक्त अपनी मनोकामनाओं को लेकर यहां आते हैं। सामान्य दिनों में भी मंदिर में भक्तों की भीड़ रहती है, लेकिन नवरात्र और दशहरा के समय यह संख्या कई गुना बढ़ जाती है।

**नवरात्र में विशेष पूजा और सजावट** : शनिवार को नवरात्र के छठे दिन मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की भव्य पूजा-अर्चना हुई। इस अवसर पर मंदिर को रंग-बिरंगे बल्बों से सजाया गया। पूजा-अर्चना का कार्य आचार्य गोविंद झा और आकाश झा के नेतृत्व में किया गया। वहीं मंदिर के ठाकुर भीखन ठाकुर वर्षों से सेवा दे रहे हैं और इस बार यजमान गंगा प्रसाद यादव थे।

**इतिहास और समिति का योगदान** : मंदिर का शिलान्यास लगभग 151 वर्ष पूर्व हरावत राज के जमींदार गणपत सिंह और नरपत सिंह ने किया था। पहले यह मंदिर देवीपुर पंचायत के कोरियापट्टी गांव में स्थित था, लेकिन लगभग 118 वर्ष पूर्व इसे गणपतगंज स्थानांतरित किया गया। पिछले 28 वर्षों से मूर्ति निर्माण का कार्य बंगाल के कारीगर प्रशांत पॉल और उनकी टीम कर रही है। मंदिर पूजा समिति के प्रमुख सदस्य और वरिष्ठ सलाहकार समिति के सदस्य मिलकर

# प्रखंड राघोपुर में SVEEP कार्यक्रम की बैठक

**न्यूज़ स्केल राघोपुर**

**सभी लोगों को स्वयं मतदान करना चाहिए।**

**परिवार के प्रत्येक सदस्य को मतदान के लिए प्रेरित करें।**

**100% मतदान सुनिश्चित करने में सक्रिय योगदान दें।**




प्रखंड राघोपुर में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से ब्लॉक कॉर्डिनेटर ने SVEEP कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के संदेश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता लोकतंत्र की सशक्त कड़ी है और हर व्यक्ति की भागीदारी से ही लोकतंत्र मजबूत होता है।।

**पदाधिकारी की अपील** : प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी बैठक के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम जनता से आग्रह किया कि आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में सभी सक्रिय रूप से हिस्सा लें। उन्होंने 100% मतदान सुनिश्चित करने में सभी का योगदान महत्वपूर्व बताया।

**लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी का संदेश** : ब्लॉक कॉर्डिनेटर ने उपस्थित जनों से अपील की कि वे न केवल स्वयं मतदान करें बल्कि अपने परिवार और समाज के अन्य सदस्यों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक नागरिक का नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है कि वह लोकतंत्र में सक्रिय रूप से भाग ले

**सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के उपाय** : बैठक में यह भी चर्चा हुई कि मतदान जागरूकता के लिए क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ और लोगों को मतदान प्रक्रिया के प्रति संवेदनशील बनाया जाए। सभी ने मिलकर इस कार्य में सहयोग देने का संकल्प लिया।

# सुपौल में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन




**न्यूज़ स्केल सुपौल**

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के मद्देनज़र जिला प्रशासन, सुपौल ने SVEEP कार्यक्रम के अंतर्गत आज पीएचसी सदर परिसर में विशेष मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन को मतदान के महापर्व में भाग लेने और लोकतंत्र में अपनी जिम्मेदारी निभाने के प्रति प्रेरित करना था।

**बड़ी संख्या में नागरिकों की भागीदारी** : रैली में विभिन्न आयु वर्ग के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। युवाओं, महिला समूहों और वरिष्ठ नागरिकों ने विशेष रूप से मतदान के महत्व पर जोर दिया। आयोजकों ने बताया कि रैली के माध्यम से आमजन को यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि प्रत्येक वोट लोकतंत्र की ताकत को मजबूत करता है और किसी भी नागरिक की उपेक्षा नहीं की जा सकती।

**संदेश–"मेरा वोट, मेरा अधिकार"** : रैली का समापन नारेबाजी और जागरूकता संदेशों के साथ हुआ। प्रतिभागियों ने "मेरा वोट, मेरा अधिकार" का नारा लगाते हुए मतदान की दिशा में जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया कि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी मतदाता निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग करें और लोकतंत्र में अपनी भूमिका निभाएं।

**लोकतंत्र में नागरिकों की भूमिका पर जोर** : SVEEP कार्यक्रम के तहत आयोजित इस रैली में मुख्य रूप से मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी और सही समय पर अपने मत का प्रयोग करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने उपस्थित लोगों को बताया कि प्रत्येक व्यक्ति का वोट लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है और इससे शासन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित होती है।

## व्यापारियों ने जीएसटी सुधार को ऐतिहासिक कदम बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार जताया और स्वदेशी अपनाने का लिया संकल्प

**न्यूज़ स्केल राघोपुर**

प्रखंड राघोपुर के सिमराही बाजार स्थित एक होटल में व्यापारियों एवं उद्यमियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सचिन माधोगड़िया ने किया, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष नरेन्द्र ऋषिदेव ने की। मंच संचालन नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता ने संभाला। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, राष्ट्रगान और भारत माता की जयकारों से हुआ। मुख्य अतिथि सुनील जे. सिंधी ने जीएसटी सुधार और 12



लाख तक की आयकर छूट से देशवासियों को होने वाली 2.5 लाख करोड़ की बचत पर प्रकाश डालते हुए भारत में स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। सीए सोनू पंसारी ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सामान की समान कीमत और व्यापारी समुदाय के लाभ की सराहना की। भाजपा जिला अध्यक्ष नरेन्द्र ऋषिदेव और कार्यक्रम संयोजक सचिन माधोगड़िया ने जीएसटी सुधार को व्यापारी एवं गरीब दोनों के लिए लाभकारी बताया। बैठक में मिथिला पाग, शॉल और फूलमाला पहनाकर नेताओं और अतिथियों का सम्मान किया गया। बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी एवं उद्यमी मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में बालिका की मौत , बाइक चालक जख्मी

**न्यूज़ स्केल राघोपुर**

राघोपुर थाना क्षेत्र के हुलास पंचायत वार्ड 6 में शनिवार की सुबह अनंत चौक से त्रिवेणीगंज जाने वाली सड़क पर एक हाइवा ट्रक (संख्या बीआर 50 जिए 6809) ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना में नगर पंचायत सिमराही के रामपुर गांव वार्ड 11 निवासी सत्येंद्र मंडल की 13 वर्षीय पुत्री किरण कुमारी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बाइक चालक और मृतिका के चचेरे भाई मुकेश मंडल (28 वर्ष) भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों ने राघोपुर रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया।





**स्थानीय लोगों का गुस्सा और सड़क जाम** : हादसे के तुरंत बाद मौके पर इकट्ठा हुए लोग गुस्से में ट्रक को घेरकर क्षतिग्रस्त कर दिया। चालक मौके से भाग गया। आक्रोशित लोगों ने डायल 112 की पुलिस को भी लेट पहुँचने पर खदेड़ दिया, जिसके बाद पुलिस ने कुछ समय के लिए स्थल छोड़ दिया। करीब तीन घंटे तक सड़क जाम की समस्या बनी रही, जिससे आवागमन बाधित हुआ।

**थानाध्यक्ष का स्थिति नियंत्रण**
राघोपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार और दर्जनों पुलिसकर्मी चार पुलिस वाहनों के साथ मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष ने लोगों को समझाकर और स्थानीय सहयोग से आक्रोश को शांत किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेजा गया और सड़क पर आवागमन पुनः बहाल हुआ।

**हादसे का कारण और आगे की कार्रवाई** : परिजनों ने बताया कि किरण कुमारी और मुकेश मंडल बाइक से त्रिवेणीगंज के खोरया गांव किसी बैद्य के पास दवा लेने गए थे। दवा लेकर लौटते समय ट्रक की चपेट में आने से यह हादसा हुआ। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और ट्रक व बाइक को कब्जे में लिया गया है। प्राप्त आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री ने मधुबनी में 25 योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

**पटना,** (हि.स.)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को मधुबनी जिला के सिरसिया-परसाही स्थित पावरग्रिड के मैदान में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 8,328.82 करोड़ रुपये लागत की कुल 25 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने 81.74 करोड़ रुपये की लागत से कुल 9 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं 8,247.08 करोड़ रुपये की लागत की 16 योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें प्रगति यात्रा के



दौरान जिले के विकास के लिए घोषित योजनाओं का शिलान्यास भी शामिल है। आज के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 7,832.29 करोड़ रुपये की लागत की महत्वपूर्ण पश्चिम कोसी नहर परियोजना के विस्तारीकरण, नवीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्य (पार्ट ए) का शिलान्यास किया। इसके निर्माण से मधुबनी जिला के 20 प्रखंडों तथा दरभंगा जिला के 16 प्रखंडों के किसान लाभान्वित होंगे। इन योजनाओं से जिले में विकास कार्यों को नई गति एवं दिशा मिलेगी, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार होगा एवं उन्हें इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने सिरसिया-परसाही स्थित पावर ग्रिड के मैदान में आयोजित संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका सहित अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को उनके लिए किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से कहा कि आप सभी लोग लोग बहुत अच्छा काम कर रही हैं। इसी प्रकार पूरी बुलंदी के साथ काम करते रहिए और आगे बढ़िए। सरकार हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से कहा कि आप लोग अच्छे से मिल-जुलकर रहें तथा बिहार को आगे बढ़ाने में अपना अहम योगदान दें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, राज्यसभा सांसद सह जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, सांसद रामप्रीत मंडल, अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।

**01 :** मुख्यमंत्री ने 8,328.82 करोड़ रुपये लागत की 25 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया।

---

**02 :** 7,832.29 करोड़ रुपये की पश्चिम कोसी नहर परियोजना (पार्ट ए) का शिलान्यास, जिससे मधुबनी के 20 व दरभंगा के 16 प्रखंडों के किसान लाभान्वित होंगे।

---

**03 :** कार्यक्रम में पेंशनधारी, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका सहित अन्य लाभुकों के साथ मुख्यमंत्री ने संवाद किया।

---

**04 :** मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने और काम को पूरी बुलंदी के साथ जारी रखने की प्रेरणा दी।

---

**05 :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण किया, एवं कार्यक्रम में राज्य सरकार के मंत्री और सांसद भी उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता अभियान : छात्रों में उत्साह, लिया मतदान का संकल्प

## रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय में गूँजा नारा– "मेरा वोट, मेरा अधिकार"

**न्यूज स्केल बेतिया**

जिला स्वीप कोषांग की पहल पर रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मतदान की महत्ता से अवगत कराना और उन्हें लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था।

**मतदान का संकल्प :** कॉलेज कैम्पस एम्बेसडर पप्पू कुमार ने छात्रों को मतदान का संकल्प दिलाया। छात्रों ने



उत्साहपूर्वक संकल्प लिया कि वे अपने वोट का प्रयोग अवश्य करेंगे।

**भाषण प्रतियोगिता :** "मेरा वोट, मेरा अधिकार" विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने लोकतंत्र और मतदान की जिम्मेदारी पर जोर दिया। विजेताओं में साबिर अहमद ने प्रथम, आयुषी कश्यप ने द्वितीय और डेजी खातून ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**फर्स्ट टाइम वोटरों का उत्साह**
पहली बार मतदान करने वाले छात्रों ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि मतदान के बाद उंगली पर लगे निशान के साथ वे गौरवान्वित महसूस करेंगे और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

**सेल्फी और जागरूकता संदेश**
कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों और महाविद्यालय कर्मियों ने सेल्फी लेकर मतदान का संदेश साझा किया। प्राचार्य डॉ. अभय कुमार ने कहा कि महाविद्यालय स्तर पर व्यापक अभियान चलाया जाएगा, जिसमें कैम्पस एम्बेसडर, एन.एस.एस., एन.सी.सी. और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।




**जिला स्वीप कोषांग की पहल**
साक्षरता क्लब के नोडल प्रभारी प्रो. डॉ. प्रकाश कुमार राय और डॉ. शशिकांत यादव ने बताया कि रैली, प्रभातफेरी और प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदान का संदेश फैलाया जाएगा। सुश्री मेरी आडलीन ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करना उद्देश्य है।

# चरस तस्करी मामले में एक को दस वर्षों का सश्रम कारावास

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। एनडीपीएस कोर्ट प्रथम के विशेष न्यायाधीश रेशमा वर्मा ने चरस तस्करी मामले में दोषी पाते हुए नामजद एक अभियुक्त को दस वर्षों का सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

अर्थ दंड नहीं देने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा रक्सौल गांधीनगर वार्ड नं 9 निवासी हकीक खान के पुत्र दिलशाद खान को हुई है। मामले में 17 वीं वाहिनी के प्रभारी रामप्रसाद मीणा ने रक्सौल (हरैया ओपी) थाना कांड संख्या 365/2023 दर्ज कराया था। जिसमें कहा था कि 2 अगस्त 2023 को गुप्त सूचना मिली कि नेपाल से भारत में कुछ लोग मादक पदार्थ का खेप आने वाला है।

सूचना के आलोक में करीब 13.45 बजे बटालियन ने अपनी जाल बिछा दी। उसी दौरान भारतीय सीमा स्तम्भ संख्या 3990/33 के पास से एक युवक काले रंग का बैग लेकर पैदल ही आ रहा था। वह बटालियन मेंस को देखकर भागने लगा। शक होने पर जवानों ने थोड़ी दूर पर ही उसे धर दबोचा। जांच के दौरान उसके बैग से चार पॉकेट में दो किलोग्राम चरस बरामद हुआ।

एनडीपीएस वाद संख्या 72/2023 विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक डॉ. शंभू शरण सिंह छह गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कर गवाही कराई। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के दलीलें सुनने के बाद धारा 20(बी)ii (सी) एनडीपीएस एक्ट में दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई है। सजा की अवधि का समायोजन कारागार में बिताए अवधि में समायोजित होगी।

# आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**न्यूज स्केल दरभंगा**

आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत दरभंगा जिला प्रशासन ने सहायक निर्वाची पदाधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित करना था।

**प्रशिक्षण का आयोजन और नेतृत्व :** कौशल कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला अधिकारी, दरभंगा के निर्देशानुसार यह प्रशिक्षण समाहरणालय स्थित अंबेडकर सभागार में आयोजित किया गया। उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुरेश कुमार ने प्रशिक्षण




सत्र का संचालन किया। अवर निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुदीप शंकर झा (बेनीपुर) एवं श्रीमती पुष्पा प्रिया (सदर) ने मार्गदर्शन प्रदान करते हुए सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

**प्रशिक्षण में शामिल मुख्य बिंदु :** प्रशिक्षण में सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें नामांकन प्रक्रिया, विधि-व्यवस्था संबंधी दिशा-निर्देश, आदर्श आचार संहिता (MCC), भेद्यता मानचित्रण (Vulnerability Mapping), मतदान दलों की तैनाती एवं मतदान दिवस के निर्देश, मतदाता सूची से संबंधित प्रक्रियाएँ, डाक मत पत्र (Postal Ballot) की प्रक्रिया, व्यय लेखा एवं अनुश्रवण (Expenditure Monitoring), ईवीएम एवं वीवीपैट संचालन, एमसीएमसी (MCMC) की भूमिका, मीडिया प्रबंधन और स्वीप (SVEEP) कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता शामिल थे।

**पदाधिकारियों के प्रति अपेक्षाएँ** उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुरेश कुमार : सभी पदाधिकारियों से निर्वाचन प्रक्रिया में पूर्ण निष्ठा और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने समयबद्ध रूप से तैयारियाँ पूरी करने और निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने पर जोर दिया। सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं सुगमता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित हुए।

# विकसित भारत का अमृत काल : सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल विषय पर चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**लखीसराय/पटना,** (हि.स.)। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रादेशिक कार्यालय पटना द्वारा लखीसराय के कनीराम खेतान उच्च विद्यालय मैदान में विकसित भारत का अमृत कालः सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल विषय पर चित्र प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रम का चौथा दिन आज मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को केंद्र सरकार द्वारा पिछले 11 वर्षों में किए गए विकासात्मक कार्यों और योजनाओं से अवगत कराना था।

**सेवाएं, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम :** कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार और जीविका की जिला परियोजना प्रबंधक अनीता कुमारी ने सरकार की योजनाओं और महिलाओं की आत्मनिर्भरता के प्रयासों के बारे में जानकारी दी। जागरूकता स्थल पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, एसएसबी, सीआरपीएफ, स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, जीविका, डाक विभाग, लीड बैंक आदि के स्टॉल लगाए गए। एसएसबी द्वारा डॉग शो, मिथिला का जाट जट्टीन लोक नृत्य और पटना से आए जादूगर अभिनंदन कुमार का जादू शो लोगों को जागरूक और मनोरंजन दोनों प्रदान किया।

**केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय** प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि प्रदर्शनी में बिहार के विकास से संबंधित नवीनतम चित्र और आंकड़े भी प्रदर्शित किए गए हैं। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। पांचवां और अंतिम दिन 28 सितंबर को होगा। चित्र प्रदर्शनी में प्रवेश आम जनता के लिए निःशुल्क है।




**कला और प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरूकता :** चित्र प्रदर्शनी के दौरान अनेक जागरूकता और संचार कार्यक्रम आयोजित किए गए। विकसित भारत विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता में श्री दुर्गा बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में आशी कुमारी प्रथम, रिसिद्धि द्वितीय, प्रतिभा तृतीय तथा वैष्णवी व माही श्री को सांत्वना पुरस्कार मिला। विजेताओं को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कुमारी अर्चना एवं अन्य अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए।

# एसडीएम पर पीडीएस दुकानदार की प्रताड़ना से मौत का आरोप

## कार्रवाई नहीं तो समाहरणालय में आत्मदाह करेंगे परिजन

**नवादा,** (हि.स.)। नवादा जिले के मेसकौर प्रखंड के लखौरा गांव में पीडीएस दुकानदार लखीचंद रविदास की मौत के बाद उनके परिजनों ने रजौली के अनुमंडल पदाधिकारी और मेसकौर के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को जिम्मेदार ठहराते हुए सीतामढ़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने की लिखित शिकायत शनिवार को दी। परिजनों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की प्रताड़ना और ग्रामीण डीलर अजय कुमार चौधरी द्वारा लगातार उत्पीड़न के कारण लखीचंद रविदास का स्वास्थ्य बिगड़ गया और उनका देहांत हो गया।

**दोषियों पर लगाया हत्या का षड्यंत्र :** परिजन ने बताया कि पीड़ित दुकानदार लखीचंद रविदास पिछले 20 वर्षों से पीडीएस की दुकान चला रहे थे। गांव के ही डीलर अजय कुमार चौधरी सस्पेंड होने के बाद उनके दुकान पर टैग किए गए थे। इसके बाद से अजय कुमार चौधरी ने प्रतिशोध की भावना में लखीचंद रविदास से विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर 10 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। मृतक के पुत्र लालू कुमार ने बताया कि पिछले महीने अजय



कुमार चौधरी और अधिकारियों ने उनके पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर उन्हें मानसिक तनाव में डाल दिया, जिससे उनकी मौत हुई।

**परिवार ने दी चेतावनी :** परिजन ने मीडिया से मुखातिब होकर कहा कि उनके पिता की प्रताड़ना में रजौली के अनुमंडल पदाधिकारी, अजय कुमार चौधरी और मेसकौर के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी समान रूप से जिम्मेदार हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो परिवार नवादा संभल नाले में आत्मदाह करने तक को तैयार है। इस मामले में रजौली अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

# बापूधाम महोत्सव-2025 : तीन दिवसीय उत्सव की धूमधाम तैयारियाँ पूरी

**न्यूज स्केल मोतिहारी।**

**02 अक्टूबर को स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी सम्मान समारोह के साथ महोत्सव का शुभारंभ।**

पूर्वी चंपारण जिले में इस वर्ष बापूधाम महोत्सव-2025 का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ 02 अक्टूबर को 10:00 बजे पूर्वाहन स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी सम्मान समारोह के साथ गांधी स्मारक मोतिहारी में किया जाएगा। यह आयोजन क्षेत्र के नागरिकों और अतिथियों के लिए गौरव का अवसर होगा। महोत्सव का उद्देश्य बापूधाम की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक विरासत को बढ़ावा देना है।



**सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की महफिल :** 02 अक्टूबर को ही अपराह्न 3:00 बजे सांसद खेल महोत्सव समापन समारोह गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद संध्या 7:00 बजे गांधी स्मारक में स्थानीय कलाकारों के सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है। इस दौरान स्थानीय कलाकारों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह समारोह महोत्सव के पहले दिन को विशेष बनाता है और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत का प्रतीक है।

**स्थानीय कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियाँ :** 03 अक्टूबर को महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत संध्या 5:00 बजे गांधी मैदान में स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति से होगी। इसके पश्चात संध्या 7:00 बजे प्रसिद्ध भजन सम्राट अनूप जलोटा अपनी मधुर गायकी से उपस्थित लोगों का मन मोहेंगे। यह सांस्कृतिक महोत्सव श्रद्धालुओं और कला प्रेमियों के लिए आनंद और उत्साह का अवसर प्रस्तुत करेगा।

**जिला प्रशासन और सांसद की समीक्षा :** कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान का निरीक्षण सांसद श्री राधा मोहन सिंह, नगर आयुक्त श्री सौरभ सुमन यादव, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री श्वेता भारती एवं पुलिस उप अधीक्षक श्री दिलीप कुमार ने किया। बैठक में महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सुरक्षा, आयोजन व्यवस्थाएं और दर्शकों की सुविधा पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया गया।

**धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का आयोजन :** बापूधाम महोत्सव सिर्फ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि स्थानीय इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े महत्व को भी उजागर करता है। यह आयोजन नागरिकों में उत्साह पैदा करेगा और स्थानीय कलाकारों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारियों को सम्मानित करने का अवसर भी प्रदान करेगा।

**बॉलीवुड गायकों का आकर्षण** महोत्सव का अंतिम दिन 04 अक्टूबर विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। शाम 5:00 बजे स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत होगी, जबकि संध्या 7:00 बजे प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक अंकित तिवारी अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। उनके बाद महोत्सव का समापन होगा। इस प्रकार तीन दिनों तक बापूधाम महोत्सव में संगीत, कला और सम्मान समारोह की झलक देखने को मिलेगी।

# एनएसजी का प्री-एवरेस्ट अभियान : माउंट सतोपंथ की चढ़ाई के लिए विशेष दल रवाना




**नई दिल्ली,** (हि.स.)। देश के विशिष्ट आतंकवाद-निरोधक बल, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने अपने प्री-एवरेस्ट अभियान के तहत गढ़वाल हिमालय की 7075 मीटर ऊंची माउंट सतोपंथ चोटी की चढ़ाई की शुरुआत की है। यह विशेष अभियान 12 अक्टूबर से 4 नवंबर तक चलेगा। यह अभियान अप्रैल 2026 में प्रस्तावित एवरेस्ट अभियान की तैयारी के रूप में आयोजित किया जा रहा है।

एनएसजी महानिदेशक बृघु श्रीनिवासन (आईपीएस) ने शनिवार को मानेसर से एक अधिकारी और 14 कमांडो के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पर्वतारोहण अभियान 'ब्लैक कैट्स' की सहनशक्ति, धैर्य, संचालनात्मक तत्परता और अदम्य जज़्बे का प्रतीक है। यह यात्रा शारीरिक कठोरता, मानसिक दृढ़ता, जीवन रक्षा कौशल और टीम भावना की परीक्षा है और इन्हीं गुणों से एनएसजी की ताकत और दक्षता परिभाषित होती है। महानिदेशक ने दल की सफलता पर विश्वास जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

एनएसजी का यह दल गंगोत्री–भोजबासा–गौमुख–नंदनवन–वासुकीताल के चुनौतीपूर्ण मार्ग से होते हुए उच्च शिविर स्थापित करेगा और माउंट सतोपंथ की चोटी तक पहुंचेगा।

उल्लेखनीय है कि एनएसजी ने साल 2019 में माउंट एवरेस्ट पर सफल चढ़ाई कर इतिहास रचा था। उस उपलब्धि ने ब्लैक कैट कमांडोज़ के साहस, दृढ़ निश्चय और पेशेवर दक्षता को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया। अधिकारियों का मानना है कि ऐसे अभियानों से न केवल कमांडोज़ की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता और कठिन परिस्थितियों में काम करने की दक्षता बढ़ती है बल्कि बल के जवानों में शारीरिक और मानसिक दृढ़ता भी और अधिक सुदृढ़ होती है।

## राउज एवेन्यू कोर्ट ने सांसद योगेंद्र चंदोलिया के खिलाफ मामले में 2 गवाहों को किया तलब




**नई दिल्ली,** (हि.स.) दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया के खिलाफ सरकारी कर्मचारी पर हमले के मामले में अभियोजन पक्ष के दो गवाहों को समन जारी किया है। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को करने का आदेश दिया है। योगेंद्र चंदोलिया के खिलाफ यह मामला 2020 में दिल्ली के प्रसाद नगर थाने में दर्ज एफआईआर से शुरू हुआ था। तीस हजारी कोर्ट ने चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए 17 अक्टूबर 2023 को चंदोलिया को समन जारी किया था। पुलिस ने इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 188, 269, 147, 148, 149, 427 और प्रिवेंशन ऑफ डैमेज टू पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट एवं पंडेमिक एक्ट की धारा 3 के तहत चार्जशीट दाखिल की थी। चंदोलिया ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को सेशंस कोर्ट में चुनौती दी है। मामला पहले तीस हजारी कोर्ट में चल रहा था, लेकिन सांसद बनने के बाद इसे राऊज एवेन्यू कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया। इस कोर्ट को एम-एमएलए की स्पेशल कोर्ट होने के कारण मामला ट्रांसफर किया गया।

## विश्व खाद्य भारत शिखर सम्मेलन : पहले दो दिनों में 1 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली,** (हि.स.) भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को वैश्विक और घरेलू निवेशकों से मजबूत समर्थन मिला है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की ओर से आयोजित विश्व खाद्य भारत 2025 शिखर सम्मेलन के पहले दो दिन में हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का कुल मूल्य 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया। शुक्रवार को 21 कंपनियों ने अकेले 25,000 करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर किए।




**ज्ञान सत्र और निवेश अवसर :** भारत मंडपम में आयोजित इस सम्मेलन में खाद्य प्रसंस्करण और संबद्ध क्षेत्रों के हितधारकों के साथ 25 से अधिक ज्ञान सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में संवाद स्थिरता, प्रौद्योगिकी, निवेश के अवसर और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी पर ध्यान केंद्रित किया गया। मंत्रालय ने बताया कि इसका उद्देश्य भारत को वैश्विक खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

**समानांतर वैश्विक कार्यक्रम** इस दौरान दो वैश्विक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। एफएसएसएआई द्वारा तीसरा वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन और भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ द्वारा 24वां भारत अंतरराष्ट्रीय समुद्री खाद्य शो (IISS) चलाए गए। एफएसएआई शिखर सम्मेलन का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा मानकों में सामंजस्य स्थापित करना और नियामक सहयोग बढ़ाना है, जबकि IISS भारत की समुद्री खाद्य निर्यात क्षमता और वैश्विक बाजार संबंधों को प्रदर्शित कर रहा है।

**नवाचार और पोषण सुरक्षा पर जोर :** मंत्रालय ने उद्योग जगत से आग्रह किया कि वे खाद्य प्रसंस्करण में निवेश और नवाचार बढ़ाएं। साथ ही, "खाद्य सुरक्षा से पोषण सुरक्षा" की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया, ताकि देश वैश्विक खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।

**अंतरराष्ट्रीय सहयोग और फोकस राज्य सत्र :** सम्मेलन के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, झारखंड और बिहार जैसे साझेदार और फोकस राज्यों के साथ-साथ न्यूज़ीलैंड, वियतनाम, जापान और रूस जैसे अंतरराष्ट्रीय साझेदारों द्वारा सत्र आयोजित किए गए। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, एपीडा और विश्व बैंक ने भी क्षेत्रीय चर्चाओं में भाग लिया, जिससे निवेश और तकनीकी सहयोग के नए अवसर खुले।

## एनटीपीसी ने सौंपा 3,248 करोड़ के अंतिम लाभांश का चेक



**नई दिल्ली,** (हि.स.) सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी राष्ट्रीय तापविद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) ने सरकार को 3,248 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश दिया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बिजली मंत्रालय को अंतिम लाभांश का भुगतान किया है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि एनटीपीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने निदेशक मंडल के साथ 25 सितंबर को बिजली सचिव पंकज अग्रवाल की उपस्थिति में केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल को 3,248 करोड़ रुपये के अंतिम लाभांश का चेक सौंपा।

एनटीपीसी की ओर से सौंपी गई यह राशि नवंबर 2024 में 2,424 करोड़ रुपये के पहले अंतरिम लाभांश और फरवरी 2025 में दिए गए 2,424 करोड़ रुपये के दूसरे अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है। इस तरह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भुगतान किया गया कुल लाभांश 8,096 करोड़ रुपये है, जो 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर 8.35 रुपये बैठता है। यह लगातार 32वां वर्ष है, जब एनटीपीसी लिमिटेड ने लाभांश का भुगतान किया।

## पपीता : पेट और सेहत के लिए अमृत समान



पपीता सिर्फ स्वादिष्ट नहीं बल्कि सेहत के लिए भी बेहद लाभकारी फल है। इसमें विटामिन C, एंटीऑक्सीडेंट्स, मिनरल्स और फाइबर भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो पाचन, रोग प्रतिरोधक क्षमता और त्वचा के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं।

पेट की बीमारियों जैसे एसिड रिफ्लक्स, कब्ज और अल्सर में पपीता बहुत मददगार है। इसमें मौजूद पपेन एंजाइम प्रोटीन को तोड़कर पाचन को सुधारता है और पेट में सूजन कम करता है।

इसके नियमित सेवन से इम्यूनिटी मजबूत होती है, दिल की सेहत बेहतर रहती है और त्वचा में निखार आता है। फाइबर और पोटेशियम कोलेस्ट्रॉल और रक्तचाप नियंत्रित रखने में मदद करते हैं।

पपीते का सेवन सुबह खाली पेट या सलाद, स्मूदी के रूप में करना सबसे अच्छा है। यह छोटा लेकिन शक्तिशाली फल शरीर और पेट दोनों को स्वस्थ रखने में कारगर है।

## गैस और कब्ज से छुटकारा : चुकंदर है कारगर उपाय

गैस और कब्ज जैसी पाचन समस्याएं लंबे समय में गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती हैं। आंतों का स्वास्थ्य सीधे शरीर की इम्यूनिटी, दिमाग और हार्ट से जुड़ा होता है। आईसीएमआर के अनुसार भारत में करीब 10 करोड़ लोग गंभीर आंतों की बीमारियों से जूझ रहे हैं। तनाव के कारण हाजमा बिगड़ना आम है, जिससे डायबिटीज, हार्ट और ऑटोइम्यून रोगों का खतरा बढ़ता है।

**चुकंदर: पाचन और स्वास्थ्य का सुपरफूड :** चुकंदर फाइबर और पोषक तत्वों से भरपूर है। यह कब्ज को दूर कर पाचन को बेहतर बनाता है और आंतों की सफाई करता है। लीकी गट सिंड्रोम जैसी समस्याओं में भी चुकंदर मददगार हो सकता है। रोजाना चुकंदर खाने से त्वचा में निखार, दिमाग तेज, इम्यूनिटी मजबूत और कैंसर का खतरा कम होता है। इसे सलाद, हलवा या रोटियों में मिलाकर खाया जा सकता है।

**आयुर्वेदिक उपाय और घरेलू नुस्खे :** गैस और कब्ज से राहत पाने के लिए अंकुरित मेथी, मेथी का पानी, अनार और त्रिफला चूर्ण फायदेमंद हैं। सौंफ, जीरा, धनिया और अदरक खाने से पाचन सही रहता है। गुलाब, सौंफ, इलायची और शहद का पेस्ट रोज 1 चम्मच लेना आंतों को मजबूत करता है। पंचामृत और ताजे जूस (गाजर, चुकंदर, लौकी, अनार, सेब) पीने से भी पाचन स्वस्थ रहता है।



**पाचन सुधार के लिए जीवनशैली टिप्स :** सुबह गुनगुना पानी पीना, बाजार की भारी चीजों से बचना, खाना अच्छे से चबाना और रात में हल्का भोजन लेना हाजमे को दुरुस्त रखता है। जीरा, धनिया, सौंफ, मेथी और अजवाइन को रात में पानी में भिगोकर सुबह 11 दिन तक खाली पेट पीना भी कब्ज को दूर करने में कारगर है। कुल मिलाकर, चुकंदर और आयुर्वेदिक उपाय मिलकर न केवल पाचन सुधारते हैं बल्कि पूरे शरीर की सेहत को संतुलित रखते हैं।

## राशिफल : 28 सितंबर, 2025


मेष : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-5-7-9


वृष : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक-2-5-7


मिथुन : एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6


कर्क : ''आगे-आगे गौरख जागे'' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-4-6-8


सिंह : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-3-5-7


कन्या : आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-2-4-7


तुला : स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। अपने काम पर नजर रखिए। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-3-5-7


वृश्चिक : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-3-5-7


धनु : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक-1-3-5


मकर : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्घि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-2-4-8


कुंभ : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। यात्रा का योग है। आय के योग बनेंगे। शुभांक-4-6-8


मीन : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्घि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-4-6-7

## पंचांग : 28 सितंबर, 2025

28 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य कन्या में
चंद्र वृश्चिक में
मंगल तुला में
बुध कन्या में
गुरु मिथुन मे
शुक्र सिंह में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
तुला 07.18 बजे से
वृश्चिक 09.32 ब.से
धनु 11.48 बजे से
मकर 13.53 बजे से
कुंभ 15.40 बजे से
मीन 17.13 बजे से
मेष 18.43 बजे से
वृष 20.23 बजे से
मिथुन 22.21 बजे से
कर्क 00.35 बजे से
सिंह 02.51 बजे से
कन्या 05.03 बजे से
रविवार 2025 वर्ष का 271वां दिन
दिशाशूल पश्चिम ऋतु शरद।

विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947
मास आश्विन पक्ष शुक्ल
तिथि षष्ठी 14.28 बजे को समाप्त।
नक्षत्र ज्येष्ठा 03.55 बजे रात्र को समाप्त। योग आयुष्मान 00.32 बजे रात्र को समाप्त। करण तैतिल 14.28 बजे तदनन्तर गर 03.33 बजे रात्र को समाप्त। चन्द्रायु 06.2 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 020 02
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1872481
जूलियन दिन 2460946.5
कलियुग संवत् 5126
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना रबी उस्सानी
तारीख 05
विशेष कल्पारंभ।




# प्रधानमंत्री मोदी नवरात्रि पर देवी स्तुतियों से दे रहे हैं भाषाई विविधता और अनेकता में एकता का संदेश

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शारदीय नवरात्रि के अवसर पर भक्ति और श्रद्धा के साथ मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का अभिनन्दन किया। उन्होंने इस पर्व को देश की भाषाई विविधता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बनाते हुए हर दिन सोशल मीडिया एक्स पर अलग-अलग भारतीय भाषाओं में देवी स्तुतियों को साझा किया। इस पहल से नवरात्रि उत्सव ने एक विशाल सांस्कृतिक महासागर का रूप ले लिया है, जिसमें भक्तिभाव और आध्यात्मिक अनुभवों का अद्भुत संगम दिखाई दे रहा है।

**भाषाओं में विविधता और सांस्कृतिक एकता :** प्रधानमंत्री मोदी ने हिंदी, गुजराती, मैथिली, तमिल, कन्नड़ और तेलुगू जैसी प्रमुख भारतीय भाषाओं में देवी स्तुतियों को साझा कर देश की सांस्कृतिक विविधता को उजागर किया। हर प्रस्तुति भक्तिभाव और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक बनकर दर्शकों के मन में श्रद्धा और उत्साह की अनुभूति कराती है। इस पहल के माध्यम से प्रधानमंत्री ने 'अनेकता में एकता' का संदेश पूरे देश में फैलाया।

**पहले चार दिन की विशेष प्रस्तुतियांण:** नवरात्रि के प्रथम दिन प्रधानमंत्री ने मां शैलपुत्री की पूजा करते हुए हिंदी में पंडित जसराज की गायकी का वीडियो साझा किया। दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा में गुजराती में आदित्य गढ़वी की स्तुति "जयति जयति जगत्जननि" साझा की गई। तीसरे दिन बिहार की लोकगायिका मैथिली ठाकुर की आवाज में "महिषासुरमर्दिनी स्तोत्र" साझा की गई। चौथे दिन तमिल गायिका पी. सुशीला की प्रस्तुति "जय जय देवी दुर्गा देवी" के माध्यम से मां कूष्मांडा की आराधना की गई।

**पांचवे और छठे दिन की आराधना :** पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा में कन्नड़ गायिका एस. जानकी की स्तुति "कमलद मोगदोले" साझा की गई। छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा के अवसर पर तेलुगू भाषा में प्रसिद्ध गायक एसपी बालासुब्रह्मण्यम की आवाज में "अम्मा भवानी लोकलानेले" पोस्ट किया गया

**प्रधानमंत्री का संदेश :**
------------------
प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा कि नवरात्रि में देवी मां को शीश झुकाकर नमन किया जाए। उन्होंने आशीष दिया कि मां दुर्गा की कृपा से हर किसी के जीवन में आत्मविश्वास बढ़े और माता का आशीर्वाद सभी भक्तों को प्राप्त हो। इस तरह नवरात्रि का पर्व देश में भक्ति, सांस्कृतिक विविधता और एकता का अनूठा प्रतीक बन गया है।

## दक्षिण बंगाल सीमा पर 1.29 करोड़ के सोने की बिस्कुट के साथ तस्कर गिरफ्तार




**उत्तर 24 परगना,** (हि.स.)। भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात बीएसएफ की दक्षिण बंगाल सीमांत 143वीं वाहिनी ने 26 सितंबर को सोने की बड़ी तस्करी को नाकाम किया। हकिमपुर चेक पोस्ट के पास तराली-1 सीमाचौकी क्षेत्र में जवानों ने खुफिया सूचना के आधार पर एक मोटरसाइकिल को रोका और तलाशी के दौरान वाहन के बीच से 20 सोने के बिस्कुट बरामद किए, जिनका कुल वजन 1116.27 ग्राम और बाजार मूल्य लगभग 1.29 करोड़ रुपए है। आरोपी ने स्वीकार किया कि सोना सीमा पार से लाया गया था। बीएसएफ ने उसे हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित एजेंसियों को सौंप दिया है। जनसंपर्क अधिकारी ने जवानों की सतर्कता की सराहना की और स्थानीय लोगों से अपील की कि तस्करी संबंधी सूचना सीमा साथी हेल्पलाइन 14419 या व्हाट्सएप/वॉइस नंबर 9903472227 पर साझा करें। पुख्ता जानकारी देने वालों को इनाम और गोपनीयता सुनिश्चित की जाएगी।

## मनोहर लाल ने स्वच्छ शहर जोड़ी पहल का किया शुभारंभ, 300 शहरों ने किए समझौते




**सोनीपत,** (हि.स.)। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को स्वच्छ शहर जोड़ी (एसएसजे) पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर लगभग 300 शहरों ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इससे शहरी अपशिष्ट प्रबंधन में ज्ञान-साझाकरण, मार्गदर्शन और सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

मंत्रालय के मुताबिक, सोनीपत में आयोजित कार्यक्रम में इस पहल के तहत 72 मार्गदर्शक शहर और लगभग 200 प्रशिक्षित शहर शामिल हैं। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहरों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के सुपर स्वच्छ लीग में शामिल किया गया, जबकि कम प्रदर्शन करने वाले शहरों को उनके भौगोलिक निकटता के आधार पर मार्गदर्शक शहरों के साथ जोड़ा गया। इसका उद्देश्य प्रशिक्षित शहरों को मेंटर शहरों से सीखकर अपने स्वच्छता परिणामों में सुधार करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना है। मनोहर लाल ने कहा कि पहल का उद्देश्य अंत्योदय की भावना यानी कोई भी शहर पीछे न छूटे और हर शहर मिशन के सामूहिक ज्ञान भंडार से लाभान्वित हो, पर आधारित है। यह कार्यक्रम समयबद्ध और परिणाम-संचालित है, जो शहरी अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र में सबसे बड़ा संरचित मेंटरशिप ढांचा प्रदान करती है।

इसी 26 अगस्त को मंत्रालय ने पहल के दिशानिर्देश जारी किए थे, जिसमें संरक्षक और प्रशिक्षित शहरों की जोड़ी बनाई गई। इस पहल के 100-दिवसीय चरण के दौरान, जोड़ीबद्ध शहर अनुभव साझा करेंगे, ज्ञान हस्तांतरण करेंगे और सहयोगात्मक कार्य योजनाएं विकसित करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि इस पहल का प्रभाव और प्रगति 2026 में होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण के परिणामों में देखा जाएगा। कार्यक्रम में आवास एवं शहरी मामलों के राज्यमंत्री तोखन साहू, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विभिन्न राज्यों के शहरी विकास मंत्री, महापौर और सचिव एस. कटिकिथला उपस्थित रहे। एसएसजे पहल स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत संचालित है और इसे शहरी अपशिष्ट प्रबंधन में सबसे बड़ा संरचित और समयबद्ध मेंटरशिप ढांचा माना जा रहा है।

## गुरुग्राम : डिवाइडर से टकरा कर थार के परखच्चे उड़े, तीन युवती और दो युवकों सहित 5 की मौत



**गुरुग्राम,** (हि.स.)। तेज रफ्तार थार शनिवार सुबह डिवाइडर से टकरा गई जिसमें तीन युवती और दो युवकों सहित कुल 5 की मौत हो गई। हादसे में एक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में थार के परखच्चे उड़ गए। समाचार लिखे जाने तक एक युवती की पहचान प्रतिष्ठा मिश्र के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार थार गाड़ी में तीन युवक और तीन युवतियां सवार थीं। ये सभी उत्तर प्रदेश से किसी काम से गुरुग्राम आए थे। जैसे ही उनकी गाड़ी नेशनल हाइवे 48 पर राजीव चौक की तरफ जाने के लिए हाईवे के एग्जिट नंबर 9 से उतरी तो तेज रफ्तार होने के कारण चालक ने थार से अपना नियंत्रण खो दिया। गाड़ी अनियंत्रित होकर की डिवाइडर से टकरा गई। तेज रफ्तार के कारण गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में 5 की मौत हो गई।

पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कोलकाता के दुर्गा पूजा पंडालों में लोकप्रिय जासूसी किरदारों की धमक, ब्योमकेश से फेलूदा तक रोमांचक सफर



**कोलकाता,** (हि.स.)। इस साल कोलकाता के दुर्गा पूजा पंडालों में बंगाल के जासूसी साहित्य और फिल्मों के किरदारों को प्रमुख रूप से पेश किया गया है। पंडालों ने श्रद्धालुओं को रहस्य और रोमांच की दुनिया में ले जाने के लिए नाटकीय सजावट और कलात्मक प्रस्तुतियों का अनोखा संगम किया है।

**दमदम पार्क : ब्योमकेश बक्शी**
दमदम पार्क तरुण संघ ने ब्योमकेश बक्शी को केंद्र में रखते हुए पॉप आर्ट शैली में पंडाल सजाया है। आगंतुकों को 'श्रीश्री दुर्गा मंदिर कंठहार रहस्य' की कहानी दिखाई जाती है, जिसमें देवी का हार चोरी हो जाता है। "ब्योमकेशेर डायरी" का नाट्य रूपांतरण और ब्योमकेश के साथी अजीत व पत्नी सत्यवती के प्रसंग पंडाल को रोमांचक बनाते हैं।

**बालीगंज 71 पल्लि : सोनार केल्ला :** सत्यजीत रे की फिल्म 'सोनार केल्ला' के 50 वर्षों पर आधारित पंडाल में फेलूदा, तोपसे और जटायु के रोमांच को दर्शाया गया है। मां दुर्गा की मूर्ति गुड़िया जैसी बनाई गई है और फिल्म के संवाद व संगीत पंडाल में सुनाई देते हैं, जिससे आगंतुक आधी सदी पुरानी सिनेमाई यात्रा का अनुभव कर सकते हैं।

**कांकुड़गाछी : जासूसों की दुनिया :** चालंतिका क्लब का 'टिक-टिकी' पंडाल फेलूदा, मितिन मासी और किरीटी जैसे जासूसों के साथ काल्पनिक हीरे की चोरी को दिखाता है। मां दुर्गा की मूर्ति पर जाल काटती छिपकली अच्छाई और बुराई के संघर्ष का प्रतीक है।
इन पंडालों के माध्यम से पूजा का माहौल और बंगाल के जासूसी किरदार दोनों जीवंत होते दिखाई दे रहे हैं।

## मणिपुर में अलग-अलग अभियानों में तीन उग्रवादी गिरफ्तार



**इंफाल,** (हि.स.)। मणिपुर में सुरक्षा बलों ने 25 और 26 सितंबर को प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े तीन सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया है, जिससे उग्रवादियों की जबरन वसूली और खुफिया गतिविधियों पर रोक लगी है। बिष्णुपुर जिले के कुंबी सेतुपुर वार्ड निवासी खानगेमबाम थोइबा सिंह उर्फ थोई (48), जो आरपीएफ/पीएलए का सक्रिय कैडर है, को तेरा उरक चेक प्वाइंट से गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि वह सुरक्षाकर्मियों की आवाजाही की जानकारी जुटा रहा था। उसके पास एक सिम कार्ड वाला मोबाइल फोन बरामद हुआ।

इसी दौरान, इंफाल पश्चिम जिले के मोंगसांगेई अवांग लेइकाई निवासी कोंथौजम ओपेंद्रो सिंह (52), केवाईकेएल का सक्रिय सदस्य, को सरकारी संस्थानों से वसूली के आरोप में इंफाल पूर्व के लामलाई थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व के सावोमबंग बाजार से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के सक्रिय कार्यकर्ता निंगथौखोंगजम रोबिचंद मैतेई उर्फ चिंगशांगलकपा उर्फ गोरोबा (25) को भी गिरफ्तार किया और उसके पास से आधार कार्ड बरामद किया गया।

# हूती ने लाल सागर में जहाज पर किया हमला, पाकिस्तान के 24 नागरिक हैं चालक दल में

सना (यमन), (हि.स.)। ईरान समर्थक हूती विद्रोहियों ने ईरानी बंदरगाह बंदर अब्बास से यमन पहुंचे तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) से लदे एक जहाज पर हमला किया है। इस जहाज में कप्तान और चालक दल के सभी 24 सदस्य फिलहाल संकट में हैं, मगर सुरक्षित हैं। यह सभी पाकिस्तान के नागरिक हैं। राजनयिक सूत्रों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।

पाकिस्तान के समाचार पत्र द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार,राजनयिक सूत्रों ने कहा कि यह जहाज इस समय यमन सरकार के नियंत्रण वाले क्षेत्र में नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। एक वीडियो संदेश में चालक दल ने बताया कि 10 दिन पहले यमन के बंदरगाह पर हुए ड्रोन हमले में उनके जहाज को निशाना बनाया गया। तब से यह जहाज बंदरगाह में फंसा हुआ है। जहाज के कप्तान ने जिबूती जाने की तत्काल अनुमति मांगी है। चालक दल ने कहा कि वे पाकिस्तान के समुद्री मामलों के मंत्रालय और बंदरगाह महानिदेशक से सहायता का इंतजार कर रहे हैं। चालक दल ने दावा किया कि हूती लड़ाके जहाज पर मौजूद हैं और पाकिस्तानी चालक दल को उतरने नहीं दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोही सक्रिय हैं। वह लाल सागर में जहाजों और युद्धपोतों को निशाना बनाते रहते हैं। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल यह्या सारी ने जून में एक रिकॉर्डेड वीडियो बयान में कहा था, 'यदि अमेरिका, इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर आक्रमण और हमले में शामिल होता है, तो हमारी सशस्त्र सेनाएं लाल सागर में उसके जहाजों और युद्धपोतों को निशाना बनाएंगी।' हूती विद्रोही इजराइल-गाजा संघर्ष शुरू होने के बाद हमास के समर्थन में लाल सागर में डेरा डाला हुआ है। लाल सागर अंतरराष्ट्रीय नौवहन का एक प्रमुख मार्ग है।




# शीर्ष अमेरिकी सैन्य अधिकारियों को अगले हफ्ते वर्जीनिया पहुंचने का आदेश

**वाशिंगटन,** (हि.स.)। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने अगले सप्ताह वर्जीनिया में जनरल और एडमिरल स्तर के अधिकारियों को बुलाने का आदेश दिया है। आदेश में कहा गया है कि अनुपस्थित रहने वाले अफसरों को पर्याप्त कारण बताना होगा। इस बैठक को शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है, हालांकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इसमें शामिल होंगे या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है।

**सुरक्षा चिंताएं और रहस्य** अधिकारियों को यह स्पष्ट नहीं किया गया कि अचानक उन्हें वर्जीनिया क्यों बुलाया गया। बड़ी संख्या में वरिष्ठ सैन्य अफसरों के जुटने से सुरक्षा चिंताएं बढ़ गई हैं। विदेशों से लौट रहे जनरल भी इसमें शामिल होंगे।

**यूटा नेशनल गार्ड का बहिष्कार** द साल्ट लेक ट्रिब्यून ने खुलासा किया कि यूटा नेशनल गार्ड के चार शीर्ष जनरलों को इस बैठक से बाहर रखा गया है। पेंटागन प्रवक्ता ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार किया।



**युद्ध विभाग की नई परिकल्पना** : सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, बैठक का मकसद रक्षा विभाग को "युद्ध विभाग" के रूप में पुनर्गठित करने और सैनिकों के लिए नए मानक तय करने पर केंद्रित है। व्हाइट हाउस इसे नई सेना की स्थिति का प्रदर्शन मान रहा है।

# ट्रंप को सुप्रीम कोर्ट ने चार अरब डॉलर की विदेशी सहायता राशि रोकने की अनुमति दी

**वाशिंगटन,** (हि.स.)। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने ट्रंप प्रशासन को कांग्रेस से आवंटित चार अरब डॉलर की विदेशी सहायता पर खर्च रोकने की अनुमति दे दी है। इससे पहले एक संघीय न्यायाधीश ने आदेश दिया था कि धनराशि वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले खर्च की जाए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने इस पर रोक लगा दी।

**शक्तियों के पृथक्करण पर सवाल** : एनबीसी न्यूज के अनुसार, पब्लिक सिटीजन लिटिगेशन ग्रुप के वकील निकोलस सैंसोम ने कहा कि यह फैसला शक्तियों के पृथक्करण को कमजोर करता है और गंभीर मानवीय असर डाल सकता है। अदालत ने आदेश में माना कि गैर-लाभकारी समूहों को इम्पाउंडमेंट कंट्रोल एक्ट के तहत यह मुकदमा दायर करने से रोका गया है।

**विवाद और असर** ; ग्लोबल हेल्थ काउंसिल सहित कई समूहों ने इस आदेश को चुनौती दी थी। उनका कहना है कि इससे वैश्विक स्वास्थ्य और आपदा निवारण कार्यक्रम प्रभावित होंगे। न्यायमूर्ति अली ने पहले कहा था कि धनराशि खर्च करना अनिवार्य है, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने राष्ट्रपति के हाथ मजबूत कर दिए हैं।



**न्यायालय में असहमति**

सुप्रीम कोर्ट के तीन उदारवादी न्यायाधीशों ने असहमति जताई। न्यायमूर्ति एलेना कगन ने लिखा कि यह मामला कानूनी रूप से नया है और अदालत "अज्ञात क्षेत्र" में कदम रख रही है। उन्होंने कहा कि बिना मौखिक दलीलों और ठोस आधार के सरकार के आपातकालीन अनुरोध को स्वीकार करना उचित नहीं था।

**ट्रंप प्रशासन की रणनीति**

ट्रंप प्रशासन ने कहा कि वह "निरसन" प्रक्रिया के माध्यम से विदेशी सहायता रोक सकता है। यह रणनीति "पॉकेट रिसीशन" कहलाती है, जिसका उपयोग लगभग 50 वर्षों से नहीं हुआ है। प्रशासन का तर्क है कि 6.5 अरब डॉलर का अन्य हिस्सा खर्च किया जाएगा, जबकि चार अरब डॉलर पर रोक लगाई जाएगी।

## बुलेटिन बॉक्स

» **अमेरिका – विदेश सहायता रोकः अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन को कांग्रेस द्वारा आवंटित विदेशी सहायता 4 अरब डॉलर खर्च करने से रोक दिया।**

---------------

» **अमेरिका – फानी विलिस समनः संघीय ग्रैंड जूरी ने फुल्टन काउंटी की जिला अटॉर्नी फानी विलिस का यात्रा रिकॉर्ड तलब किया।**

---------------

» **अमेरिका – सैन्य अधिकारियों की बैठकः रक्षा सचिव ने शीर्ष सैन्य अधिकारियों को अगले हफ्ते वर्जीनिया में बैठक में उपस्थित होने का आदेश दिया।**

---------------

» **भारत – एशिया कप सुपर ओवरः भारत ने एशिया कप 2025 के सुपर-4 चरण में रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की।**

# चीन ने सफलतापूर्वक लॉन्च किया फेंगयुन 3-08 उपग्रह

**बीजिंग,** (हि.स.)। चीन ने समूचे विश्व के मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लक्ष्य से "फेंगयुन-3-08" उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया है। सरकारी संवाद एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार शनिवार को देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में स्थित जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र से फेंगयुन-3-08 मौसम विज्ञान उपग्रह को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में प्रक्षेपित कर दिया गया। यह प्रक्षेपण मार्च-4सी कैरियर रॉकेट द्वारा स्थानीय समयानुसार सुबह 3 बजकर 28 मिनट पर किया गया। उपग्रह ने निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर लिया है।



चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (सीएनएसए) के अनुसार यह प्रक्षेपण " लॉन्ग मार्च शृंखला" के 596 वें उड़ान मिशन का प्रतीक है जो देश की अंतरिक्ष क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

फेंगयुन-3-08 उपग्रह" फेंगयुन मौसम उपग्रह" परिवार का नवीनतम सदस्य है और यह नौ उन्नत "रिमोट सेंसिंग पेलोड्स" से लैस है। इनमें मध्यम-रिज़ॉल्यूशन स्पेक्ट्रल इमेजर और माइक्रोवेव इमेजर जैसे उपकरण शामिल हैं।

यह उपग्रह मुख्य रूप से मौसम पूर्वानुमान, वायुमंडलीय रसायन विज्ञान और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी निगरानी एवं शोध गतिविधियों का विवरण प्रदान करेगा। सीएनएसए के अनुसार उपग्रह के संचालन से चीन की वैश्विक मौसम पूर्वानुमान क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा। इससे वैश्विक जलवायु परिवर्तन का बेहतर तरीके से सामना किए जाने के साथ ही मौसम संबंधी आपदाओं की रोकथाम करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त होगी।

चीन के मौसम विज्ञान प्रशासन (सीएमए) के विशेषज्ञों का मानना है कि इस उपग्रह से वैश्विक स्तर पर मौसम पूर्वानुमान की सटीकता और समयबद्धता के नए आयाम स्थापित हो सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि फेंगयुन शृंखला के उपग्रहों ने पहले ही 129 देशों और क्षेत्रों को डेटा उत्पाद और सेवाएं प्रदान की हैं। यह नया उपग्रह इस नेटवर्क को और मजबूत करेगा। यह उपग्रह वायुमंडलीय तापमान, आर्द्रता और ट्रेस गैसों की निगरानी करेगा जो प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, सूखा और तूफानों की पूर्व चेतावनी में सहायक सिद्ध होगा।

# अमेरिकी न्याय विभाग ने जिला अटॉर्नी फानी विलिस का यात्रा संबंधी रिकॉर्ड तलब किया

**अटलांटा (जॉर्जिया),** (हि.स.)। अमेरिकी न्याय विभाग ने फुल्टन काउंटी की जिला अटॉर्नी फानी विलिस को संघीय ग्रैंड जूरी समन भेजकर उनकी यात्रा संबंधी रिकॉर्ड तलब किया है। यह वही विलिस हैं जिन्होंने डोनाल्ड ट्रंप पर जॉर्जिया चुनाव में हस्तक्षेप का आपराधिक मामला दायर किया था। जांच का मकसद स्पष्ट नहीं है, लेकिन इससे संकेत मिलता है कि ट्रंप प्रशासन उनके मुखर कानूनी विरोधियों में से एक पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

**अदालत से अयोग्यता, ट्रंप का बयान** : पिछले दिनों अदालत ने विलिस को मामले से हटा दिया था क्योंकि उनके विशेष अभियोजक नाथन वेड से व्यक्तिगत संबंध उजागर हुए। बचाव पक्ष ने उन पर ट्रंप द्वारा भुगतान की गई यात्राओं से लाभ उठाने का आरोप लगाया। फैसले के बाद ट्रंप ने इसे "जॉर्जिया में न्याय की बड़ी जीत" बताया।



**विलिस का पक्ष और आगे की प्रक्रिया** : डेमोक्रेट नेता विलिस ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने यात्रा खर्च का अपना हिस्सा चुकाया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट ऑफ जॉर्जिया के निर्णय से असहमति जताई लेकिन कानूनी प्रक्रिया का सम्मान करने की बात कही। फिलहाल ट्रंप और उनके सहयोगियों पर चुनाव नतीजों को पलटने की साजिश का मुकदमा जारी है।

# पाकिस्तान, चीन, ईरान, रूस ने अफगानिस्तान में आतंकी समूहों की मौजूदगी पर चिंता जताई

**न्यूयॉर्क,** (हि.स.)। पाकिस्तान, चीन, ईरान और रूस ने अफगानिस्तान में आतंकवादी समूहों की मौजूदगी पर गहरी चिंता व्यक्त की है। चारों देशों ने संयुक्त बयान में अल-कायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) जैसे आतंकी समूहों के नामों का उल्लेख किया है। इन देशों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र के दौरान रूस के तत्वावधान में आयोजित अफगानिस्तान पर अपनी चौथी चतुर्पक्षीय बैठक के बाद यह बयान जारी किया।



पाकिस्तान के जियो न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, यह बयान बैठक के समापन होते ही जारी किया गया। चारों देशों ने बिगड़ते अफगान हालात की समीक्षा की और चेतावनी दी कि आतंकवादी समूह क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा दोनों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं।

बयान में अफगान शासकों से आतंकवादी समूहों के खिलाफ प्रभावी कदम और इनके प्रशिक्षण शिविरों को नष्ट करने का आग्रह किया गया। पाकिस्तान का आरोप है कि 2021 में तालिबान शासकों की अफगानिस्तान में वापसी के बाद सीमा पार से होने वाली आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि हुई है। दोनों देश लगभग 2,500 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं। इसमें कई क्रॉसिंग पॉइंट हैं। संयुक्त वक्तव्य में अफगानिस्तान को एक "स्वतंत्र, एकजुट और शांतिपूर्ण राज्य, आतंकवाद, युद्ध और नशीले पदार्थों से मुक्त" के रूप में समर्थन देने की पुष्टि की गई। चारों पक्षों ने अफीम की खेती को कम करने के काबुल के प्रयासों का स्वागत किया, लेकिन मेथामफेटामाइन जैसी सिंथेटिक दवाओं के बढ़ते चलन पर चिंता व्यक्त की।

# बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के जवान 2,857 दुर्गा पूजा मंडपों की सुरक्षा में



**ढाका,** (हि.स.)। बांग्लादेश में दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) की 430 टुकड़ियां देशभर के 2,857 मंडपों में तैनात की गई हैं। बीजीबी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में 24 आधार शिविर स्थापित किए हैं। हिंदू संगठनों ने चिंता जताई है कि पूजा से पहले ही 13 जिलों में मंदिरों व मूर्तियों को तोड़ने की घटनाएं हो चुकी हैं। उन्होंने पूरे वर्ष सुरक्षा की मांग की। इस वर्ष देशभर में 33,355 मंडपों में पूजा हो रही है, जो पिछले वर्ष से 1,894 अधिक है।

# ऑस्ट्रेलिया की अंडर-21 टीम ने भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को 5-0 से हराया



कैनबरा, (हि.स.)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया की अंडर-21 टीम के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला राष्ट्रीय हॉकी सेंटर कैनबरा में शनिवार को खेला गया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए मेकायला जोन्स (10', 11', 52'), सामी लव (38'), और मिगालिया हाउवेल (50') ने गोल किया।

पहले मैच में 2-3 की करीबी हार झेलने वाली भारतीय टीम इस मैच में वापसी की कोशिश कर रही थी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। मेकायला जोन्स ने 10वें और 11वें मिनट में लगातार दो गोल करके भारत को शुरुआती दबाव में डाल दिया।

भारतीय डिफेंडर्स ने दूसरे क्वार्टर में अपनी रेखा मजबूत की और ऑस्ट्रेलिया को आगे बढ़ने से रोका। गोलकीपर और डिफेंडर्स ने मिलकर लगातार दबाव का सामना किया। भारत ने कुछ हमले किए, लेकिन गोल नहीं कर सके।

दूसरे हाफ में ऑस्ट्रेलिया ने दबाव बनाए रखा। 38वें मिनट में सामी लव ने गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। भारत ने कुछ तेजी से काउंटर अटैक करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए।

चौथे क्वार्टर में मिगालिया हाउवेल (50') ने गोल कर मैच लगभग तय कर दिया, और 52वें मिनट में मेकायला जोन्स ने हैट्रिक पूरी कर भारत को 5-0 से मात दी। भारत ने मजबूत प्रदर्शन किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की क्लिनिकल फिनिशिंग के सामने टिक नहीं पाया।

भारतीय जूनियर टीम का यह दौरा एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप 2025 के लिए महत्वपूर्ण तैयारी का हिस्सा है, जो इस दिसंबर चिली के सैंटियागो में खेला जाएगा।

भारत का अगला मुकाबला इसी टीम से 29 सितंबर को इसी मैदान पर खेला जाएगा।

# विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप : शीतल देवी ने जीता पहला स्वर्ण



**ग्वांगझू,** (हि.स.)। भारतीय पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने महिला कॉम्पाउंड ओपन फाइनल में तुर्की की ओज़नूर क्यूरे गिरदी को हराकर विश्व तीरंदाजी पैरा चैम्पियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता है। स्वर्ण पदक मैच में शीतल ने दूसरे राउंड से बढ़त बनाई और पूरे खेल में मजबूती बनाए रखते हुए 146-143 से फाइनल अपने नाम किया। इस जीत के साथ शीतल ने तीन बार की विश्व चैम्पियन और 2024 पेरिस पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता को मात दी। यह शीतल का उस दिन का तीसरा मेडल था। उन्होंने पहले टीम इवेंट में रजत और कांस्य पदक भी जीते। दिन की शुरुआत में, शीतल देवी ने सरिता के साथ महिला कॉम्पाउंड ओपन टीम इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया, जहां तुर्की ने फाइनल में उन्हें हराया। इसके बाद शीतल ने टोमन कुमार के साथ मिश्रित टीम कॉम्पाउंड ओपन इवेंट में कांस्य पदक जीता, जब उन्होंने ग्रेट ब्रिटेन के नाथन मैकक्वीन और जोडी ग्रिनहम को मात दी। शीतल देवी की इस शानदार प्रदर्शन ने भारतीय पैरा तीरंदाजी को गौरवान्वित किया और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाई।

# इस सदी में किसी एक क्लब के लिए सबसे तेज़ 100 गोल करने वाले खिलाड़ी बने हैरी केन



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। बायर्न म्यूनिख के स्टार स्ट्राइकर हैरी केन ने शुक्रवार को क्लब के लिए अपना 100वां गोल करके एक नया रिकॉर्ड कायम किया है। उन्होंने केवल 104 मैचों में यह मुकाम हासिल कर इस सदी के सबसे तेज़ खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने किसी एक क्लब के लिए 100 गोल किए। केन ने इस रिकॉर्ड के साथ क्रिस्टियानो रोनाल्डो और एर्लिंग हैलैंड को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने क्रमशः रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी के लिए 100 गोल 105 मैचों में पूरे किए थे। इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन, जिन्होंने पिछले हफ्ते होफेनहाइम के खिलाफ हुए 4-1 के मैच में हैट्रिक बनाई थी, उन्होंने शुक्रवार को वर्डर ब्रेमेन के खिलाफ 44वें मिनट में पेनाल्टी के जरिए बायर्न को 2-0 की बढ़त दिलाई। यह उनका बुंडेसलीगा में लगातार 18वां सफल पेनाल्टी गोल था, जिससे उनका रिकॉर्ड बेदाग रहा। बायर्न म्यूनिख ने वर्डर ब्रेमेन को 4-0 से हराया, जिसमें अन्य दो गोल जोनाथन ताह और कोनराड लैइमर ने किए। 32 वर्षीय हैरी केन, जो अब तक इस सीज़न बायर्न के पांच मैचों में 10 गोल के साथ बुंडेसलीगा का अग्रणी गोल स्कोरर है, 2023 में टॉटेनहम हॉटस्पर से बायर्न म्यूनिख में शामिल हुए थे।

# वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप : दीप्ति जीवनजी 400 मीटर टी20 स्पर्धा के फाइनल में

## कंचन लाखानी ने भी महिलाओं की डिस्कस थ्रो (एफ53) के फाइनल में बनाई जगह



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। । नई दिल्ली 2025 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप्स में भारत ने शानदार तरीके से अपने अभियान की शुरुआत की। भारत की दीप्ति जीवनजी ने इस ग्लोबल प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को सुबह के सत्र में महिलाओं की 400 मीटर टी20 स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई ।

22 वर्षीय इस एथलीट ने अपने हीट में 58.35 सेकंड का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। हालांकि, महिलाओं की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में पदक की दावेदार मानी जा रही भावनाबेन अजाबाजी चौधरी निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए आठवें स्थान पर रहीं।

भावनाबेन ने 35.34 मीटर भाला फेंका, जो उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 39.70 मीटर (पेरिस पैरालंपिक 2024) से काफी कम था।

अन्य मुकाबलों में, कंचन लाखानी महिलाओं की डिस्कस थ्रो (एफ53) के फाइनल में पहुंची हैं। वहीं भाला फेंक खिलाड़ी प्रवीण कुमार (क्वालिफाइंग राउंड) और हेमचंद्र (एफ55, एफ56, एफ57 क्वालिफाइंग) आगे हिस्सा लेंगे। पुरुषों की 100 मीटर एफ37 स्पर्धा में धावक राकेश भाई भट्ट और श्रेयांश त्रिवेदी आज ही चुनौती पेश करेंगे। इसी तरह शैलेश कुमार, वरुण और राहुल हाई जंप (टी63, टी42) स्पर्धा में मैदान में उतरेंगे।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स 2025 : भारत की दिखी ताकत और तैयारी



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार सुबह विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन राजधानी में 2010 के विवादित राष्ट्रमंडल खेलों के बाद पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स टूर्नामेंट है। स्टेडियम को आधुनिक सुविधाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर की पटरियों से सुसज्जित किया गया है, जिससे भारत की भविष्य में बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी की क्षमता उजागर होती है।

**समावेशिता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल** : भारत में विकलांगजनो को लेकर सामाजिक धारणाओं को बदलने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता एक अहम कदम साबित होगी। इसमें 104 देशों से लगभग 1700 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। कुल 184 प्रतियोगिताओं में 101 पुरुष, 83 महिला और एक मिश्रित श्रेणी शामिल है। यह अब तक का सबसे बड़ा संस्करण माना जा रहा है।

**भारतीय पैरा एथलीटों की बढ़ती ताक़त** : पिछले एक दशक में भारतीय पैरा एथलीटों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। 2015 में दो पदक जीतने से लेकर 2024 पेरिस पैरालंपिक में 17 पदक तक का सफर, देश के लिए गर्व का विषय है। इस बार भी भारतीय दल से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

**स्टार एथलीटों पर निगाहें प्रतियोगिता में भारतीय उम्मीदें मुख्यत:** भाला फेंक विश्व और ओलंपिक चैम्पियन सुमित अंतिल पर टिकी हैं, जो 73.29 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के बाद 75 मीटर का लक्ष्य साधने उतरेंगे। उनके अलावा नवदीप सिंह, धर्मबीर नैन, रवि रोंगाली और वरुण भाटी जैसी अनुभवी प्रतिभाएँ भी दमखम दिखाएँगी। महिला वर्ग में प्रीथी पाल, सिमरन शर्मा और दीप्ति जीवंजी से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है

# सऊदी प्रो लीग : रोनाल्डो और सादियो माने के गोल से अल नास्त्र ने अल इत्तिहाद को 2-0 से हराया



जेद्दा, (हि.स.)। सऊदी प्रो लीग के शीर्ष मुकाबले में अल नास्त्र ने शनिवार को मौजूदा चैम्पियन अल इत्तिहाद को 2-0 से मात दी। टीम की ओर से क्रिस्टियानो रोनाल्डो और सादियो माने ने गोल दागे। इस जीत के साथ अल नास्त्र ने चार मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान बनाए रखा, जबकि अल इत्तिहाद नौ अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में घरेलू दर्शकों के शानदार टिफो और गगनभेदी नारों के बावजूद अल इत्तिहाद शुरुआत से ही दबाव में दिखा। मैच की पहली सीटी से ही अल नास्त्र ने खेल पर कब्जा जमाना शुरू कर दिया। मैच के 9वें मिनट में किंग्सले कोमन ने दाईं विंग से शानदार क्रॉस किया। गेंद पर दौड़ते हुए पहुंचे माने ने बैक पोस्ट पर बेहतरीन वॉली लगाकर अल नास्त्र को 1-0 की बढ़त दिलाई।

14वें मिनट में रोनाल्डो ने कोमन के क्रॉस पर हेडर से गोल करने का मौका गंवा दिया, लेकिन 35वें मिनट में उन्होंने चूक नहीं की। इस बार माने ने क्रॉस दिया और रोनाल्डो ने पास को सटीक हेडर से गोल में तब्दील कर स्कोर 2-0 कर दिया।

करीम बेंजेमा ने स्टीवन बर्गवाइन को कुछ मौकों पर गेंद पहुंचाई, मगर वह मौके का फायदा नहीं उठा सके।

दूसरे हाफ में अल नास्त्र ने खेल की रफ्तार धीमी की, लेकिन आक्रमण जारी रखा। जोआओ फेलिक्स को गोल करने के कई मौके मिले, मगर वह नाकाम रहे। 39वें मिनट में माने के क्रॉस पर उनका शॉट बार के ऊपर चला गया।

58वें मिनट में नवाफ़ बोउशल ने रोनाल्डो को खाली गोल पर पास दिया, लेकिन पुर्तगाली स्टार गेंद को बार के ऊपर मार बैठे। यह मैच का सबसे आसान और बड़ा मौका था। इसके बावजूद अल नास्त्र ने दो गोल की बढ़त बरकरार रखी और जीत दर्ज की। अल इत्तिहाद का घरेलू मैदान पर 19 मैचों से चला आ रहा अजेय क्रम भी इस हार के साथ टूट गया।

# एशिया कप: सुपर ओवर में भारत ने श्रीलंका को हराया, निसंका का शतक व्यर्थ



एशिया कप 2025 के सुपर-4 चरण के अंतिम मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को सुपर ओवर में हराकर अपना अजेय क्रम जारी रखा। दुबई में खेले गए इस हाई-स्कोरिंग मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 202/5 का स्कोर खड़ा किया, जिसमें अभिषेक शर्मा ने 22 गेंदों पर 61 रन और तिलक वर्मा ने नाबाद 49 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ने पथुम निसंका के शानदार 107 और कुसल परेरा के 58 रनों की मदद से मुकाबला बराबरी पर ला दिया। सुपर ओवर में श्रीलंका मात्र 2 रन बना सका और भारत ने आसानी से जीत दर्ज की।